卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 188 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦15 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

## ट्रेन में गन प्वाइंट पर सात लाख लूटे

### संपर्क कक्रांति में तीन हथियारबंद बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रूद्रपुर व बिलासपुर के मध्य अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने चलती ट्रेन में नगर के एक व्यापारी की दुकान के दो कर्मियों से तमंचे और पिस्टल की नोक पर लाखों रूपये लूट लिए। इस दौरान उन्होंने आस पास बैठे अन्य यात्रियों को हथियार दिखाते हुए धमकाया और बिलासपुर स्टेशन पर उतर कर फरार हो गये। मामले की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के साथ तमाम व्यापारी यहां रेलवे स्टेशन आ पहुंचे और उन्होंने जीआरपी व बिलासपुर थाना पुलिस से बदमाशों को शीघ्र गिरफ्तार कर



लूट की रकम बरामद करने की मांग की। जानकारी के अनुसार नगर के स्पेयर पार्ट्स के व्यापारी मंजीत सिंह की दुकान के दो कर्मचारी रितिक मंडल व साहब सिंह दुकान का सामान लेने के लिए यहां रेलवे स्टेशन से सम्पर्क क्रांति ट्रेन से दिल्ली को रवाना हुए। जब ट्रेन रूद्रपुर से आगे बढ़ी तो अचानक तीन नकाबपोश बदमाश ने रितिक मंडल व साहब सिंह पर तमंचे और पिस्टल तानकर उनके पास रखे सात लाख रूपये लूट लिए और वहां बैठे अन्य यात्रियों पर भी पिस्टल तानते हुए चुपचाप बैठने को धमकाया। बताया जाता है कि बदमाशों ने कहा कि उनका किसी अन्य यात्री से कोई मतलब नहीं है सिर्फ इनको ही लूटना है। जब ट्रेन बिलासपुर स्टेशन पर पहुंची तो तीनों बदमाश तेजी से उतरकर फरार हो गये। दोनों कर्मियों ने घटना की जानकारी तत्काल दुकान स्वामी मंजीत सिंह को दी। जिन्होंने मामले से व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा को अवगत कराया। मामले की जानकारी (शेष पृष्ठ 7 पर)

## 66 लाख की स्मैक के साथ तीन तस्कर दबोचे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। युवाओं के भविष्य में नशे का जहर घोलने वाले तस्करों के विरुद्ध नैनीताल पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रहार' के अंतर्गत निर्णायक वार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर मंजुनाथ टीसी ने बताया कि अभियान



में एसओजी और हल्द्वानी पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कुल तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 66 लाख 30 हजार रुपये मूल्य की अवैध स्मैक बरामद की गई है। पहले मामले में एसपी क्राइम डॉक्टर जगदीश चंद्रा और क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी अमित सैनी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विजय मेहता और एसओजी प्रभारी राजेश जोशी की टीम ने भोटिया पड़ाव क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली। पकड़े गए (शेष पृष्ठ सात पर)

## गेहूं खरीद शुरू न होने पर भड़के किसान,मण्डी में हंगामा

नानकमत्ता। क्षेत्र में गेहूं खरीद के लिए बनाए गए तौल केंद्र इन दिनों शोपीस बनकर रह गए हैं। खरीद प्रक्रिया शुरू न होने से किसानों में भारी नाराजगी देखने को मिल



रही है। अपनी फसल लेकर मंडी पहुंचे किसानों का गेहूं नहीं खरीदा जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या को लेकर आक्रोशित किसानों ने मंडी परिसर में धरना प्रदर्शन किया और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों ने अपनी मांगों को लेकर अधिकारियों (शेष पृष्ठ सात पर)

## कुमांऊ के लिए पंतनगर से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कुमाऊं क्षेत्र में हवाई सेवाओं के विस्तार की दिशा में बुधवार को एक बड़ा कदम उठाया गया। पंतनगर एयरपोर्ट से विधायक शिव अरोरा और जिलाधिकारी नितिन भदौरिया ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर पवन हंस की हेली सेवा का विधिवत शुभारंभ किया। इस सेवा के शुरू होने से अब पंतनगर से देहरादून, अल्मोड़ा और नैनीताल के लिए हवाई कनेक्टिविटी और भी बेहतर हो जाएगी। उद्घाटन के अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विकसित उत्तराखंड की सोच के अनुरूप




प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी और पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि रुद्रपुर क्षेत्र को प्रदेश की औद्योगिक राजधानी कहा जाता है और उद्योगों के विस्तार के साथ ही यहां रोड कनेक्टिविटी का भी तेजी से विकास हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की विकासोन्मुखी सोच के अनुसार अब पंतनगर एयरपोर्ट का भी विस्तार किया जा रहा है जिसके बाद यहां से अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवाएं प्रारंभ होंगी। विधायक ने जोर देते हुए कहा कि हमारे पर्वतीय क्षेत्रों को पंतनगर से जोड़ने के लिए यह हेली सेवा अत्यंत कारगर सिद्ध होगी। इससे कुमाऊं में पर्यटन को नई गति मिलेगी और देश-दुनिया से आने वाले पर्यटक अब 12 महीने हेली सेवा के माध्यम से सुगमता से पहाड़ी क्षेत्रों तक पहुंच सकेंगे। विधायक ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विशेष (शेष पृष्ठ सात पर)

## इंडेन गैस एजेंसी पर सिलेंडर के लिए फिर हाहाकार

### समाजसेवी सुशील गाबा सहित कई पार्षदों ने पहुंचकर जताई नाराजगी

रूद्रपुर। शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों की किल्लत गहराती जा रही है जिसके चलते उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब देने लगा है। बुधवार को सिलेंडर न मिलने से परेशान सैकड़ों उपभोक्ता इंडेन गैस एजेंसी पर सुबह 4 बजे से ही जमा हो गए। इस दौरान हंगामा भी हुआ। सिलेंडर दो-सिलेंडर दो की अपील कर रही जनता के बार-बार बुलावे पर समाजसेवी सुशील गाबा इंडेन



गैस एजेंसी पहुंचे। उन्होंने चिलचिलाती गर्मी और सिलेंडरों की भारी किल्लत के कारण परेशान उपभोक्ताओं से बात की। साथ ही भारी जन दबाव का सामना कर रहे होम डिलीवरी ठेकेदार व स्टाफ से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा का आश्वासन दिया और ईमानदारी से गैस वितरण की अपील की। समाजसेवी सुशील गाबा ने इंडेन एजेंसी के गैस सिलेंडर बैकलाग तथा डीएसी सिस्टम को वर्तमान समस्या की प्रमुख जड़ बताया। उन्होंने कहा कि शहर में (शेष पृष्ठ सात पर)

## रिफ्लिग करते सिलेंडर में भड़की आग,चार झुलसे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में घर में अवैध रूप से गैस रिफ्लिंग करने के दौरान सिलेंडर में भड़की आग से वहां मौजूद तीन महिलाओं सहित एक तीन वर्षीय बालिका गंभीर रूप से झुलस गई। सभी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। मामले की सूचना मिलने पर ट्राजिट कैम्प कोतवाली पुलिस के साथ दमकल कर्मी भी आ गये और उन्होंने आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में चामुण्डा मंदिर के पास शिव नगर में आज प्रातः वार्ड 8 चामुण्डा मंदिर के पास अरूण कुमार के भवन में किरायेदार एक परिवार के लोग बड़े घरेलू



सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में अवैध रूप से गैस रिफ्लिंग कर रहे थे। इसी दौरान अचानक गैस लीक हो जाने से समीप ही खाना बनाते जल रहे गैस चूल्हे से कमरे में आग भड़क गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे वहां मौजूद लोगों में चीख पुकार शुरू हो गई। शोर की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग भी आ गये। इस दुर्घटना में 55 वर्षीय देवकी पत्नी रामभरोसे मूल निवासी ग्राम बिसलपुर थाना बिलासपुर पीलीभीत, 21 वर्षीय संगीता पत्नी केसरी लाल , उसकी 3 वर्षीय पुत्री पारूल व 30वर्षीय अनीता पत्नी सत्यवीर मूल निवासी ग्राम पचपेडा, पीलीभीत, गंभीर रूप से झुलस गये। जिन्हें तत्काल उपचार के लिएजिला अस्पताल ले जाया गया। जहां देवकी देवी की हालत चिंताजनक बताई (शेष पृष्ठ सात पर)

## धामी का बढ़ता सियासी कद,मोदी के दौरे ने दी नई मजबूती

### केंद्र का भरोसा,मजबूत नेतृत्व और विकास की रफ्तार-उत्तराखंड में उभरता 'धाकड़ धामी' मॉडल

देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया दौरे ने जहां विकास योजनाओं और सांस्कृतिक जुड़ाव की झलक दिखाई, वहीं इस पूरे कार्यक्रम का सबसे चर्चित चेहरा रहे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। यह दौरा केवल औपचारिक नहीं था, बल्कि इसके जरिए एक बड़ा राजनीतिक संदेश भी दिया गया। हर मंच पर मुख्यमंत्री धामी की प्रमुख मौजूदगी और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उनकी सराहना ने यह साफ कर दिया कि केंद्र नेतृत्व का भरोसा उन पर लगातार



मजबूत हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान जब केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी संबोधित कर रहे थे, उस समय प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री धामी के बीच गहन चर्चा भी देखने को मिली। इसे राज्य के विकास को लेकर दोनों नेताओं की गंभीरता और आपसी तालमेल का संकेत माना जा रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने अपने कार्यकाल में जिस तेजी से विकास कार्यों को आगे बढ़ाया है, उसने उन्हें एक "कर्मठ और परिणाम देने वाले नेता" के रूप में स्थापित किया है। कनेक्टिविटी, पर्यटन और रोजगार जैसे क्षेत्रों में तेजी से हो रहे कामों ने उत्तराखंड को नई दिशा दी है। राजनीतिक दृष्टि से भी यह दौरा बेहद अहम माना जा रहा है। उत्तराखंड की राजनीति में लंबे समय से नेतृत्व परिवर्तन और गुटबाजी की चर्चाएं होती रही हैं, लेकिन इस बार (शेष पृष्ठ सात पर)

## सिडकुल कर्मी ने कूदकर बचाई जान, बाईक ट्रक के नीचे दबी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल क्षेत्र लगातार सड़क हादसों का केन्द्र बनता जा रहा है। यहां आने वाले ट्रक व कन्टेनर चालक यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। जिसे देखने के लिए जिन जिम्मेवार लोगों की ड्यूटी लगाई जाती है वह आराम से चौकी में ही बैठे रहते हैं। वह तभी बाहर निकलते है जब किसी घटना की उन्हें कोई सूचना मिलती है। मंगलवार की दोपहर एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने कुचलकर मौत की नींद सुला दिया था। रात्रि में एक मामला और मामला सामने आया जिसमें सिडकुल फैक्ट्री में काम के लिए जा रहे श्रमिक की



जान उस समय बाल बाल बच गई जब सामने तेज गति से आते ट्रक ने उसकी बाईक को टक्कर मार दी। श्रमिक ने किसी तरह कूदकर अपनी (शेष पृष्ठ सात पर)

# किच्छा में सड़क चौड़ीकरण कार्य पकड़ेगा रफ्तार

## विधायक तिलक राज बेहड़ ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



किच्छा (उद संवाददाता)। क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपने आवास विकास स्थित कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में लोक निर्माण विभाग, जल संस्थान, यूएसडीडीए जल योजना एवं विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक बेहड़ ने कहा कि उनके प्रयासों से अब किच्छा की महत्वपूर्ण योजना आदित्य चौक से डीडी चौक तक सड़क चौड़ीकरण का प्रथम चरण प्रारंभ हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण से पूर्व पानी एवं विद्युत लाइनों की शिफ्टिंग का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए।बैठक में जानकारी दी गई कि जल संस्थान और यूएसडीडीए द्वारा नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा और विद्युत पोल शिफ्टिंग का कार्य भी जल्द शुरू होगा। विधायक ने संबंधित विभागों को अप्रैल माह तक यह कार्य पूर्ण करने का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि सड़क चौड़ीकरण हेतु शीघ्र डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी जाए ताकि द्वितीय चरण का कार्य भी समय से शुरू हो सके। उन्होंने बताया कि इस सड़क को डिवाइडर, लाइट और वृक्षारोपण के माध्यम से सुंदर बनाया जाएगा।विधायक बेहड़ ने विशेष रूप से यूएसडीडीए के अधिकारियों को निर्देशित किया कि किच्छा नगर पालिका क्षेत्र और जिन बस्तियों में नई पाइपलाइन डाली जा रही है, वहां कार्य पूर्ण होते ही उच्चतम गुणवत्ता वाली सीसी सड़कों का निर्माण कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनका लक्ष्य किच्छा की प्रत्येक गली और सड़क को बेहतर बनाना है ताकि नगरवासियों को असुविधा न हो।बैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग गजेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग संजय कुमार तिवारी, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग विनोद चंद्र सनवाल, अपर सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रकाश पंत, जल संस्थान से सहायक अभियंता कृष्णा उघान, यूएसडीडीए से सहायक अभियंता पवन टोलिया, उपखंड अधिकारी विद्युत विभाग दिनेश चंद गुर्रानी, अवर अभियंता सतेंद्र प्रकाश जोगियाल एवं मोहम्मद आसिफ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंचमुखी श्री हनुमान बालाजी मंदिर में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

रुद्रपुर। पंचमुखी श्री हनुमान बालाजी मंदिर, गल्ला मंडी में आयोजित भव्य धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्वितीय संगम बनकर सामने आया। मंदिर परिसर में सजे दिव्य दरबार की अलौकिक छटा ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जैसे ही बाबा के जयकारे गूंजे और भजनों की मधुर स्वर लहरियां वातावरण



में फैलने लगीं। इस अवसर पर भाजपा नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने अपनी धर्मपत्नी एडवोकेट दीपिका मित्तल के साथ मंदिर में बाबा के चरणों में शीश नवाकर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना की। इसके पश्चात वे बालाजी के भजनों का गुणगान करते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना, हवन एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुलशन नारंग, गगन वाधवा, सौरव गाबा, सर्वेश मौर्य, शिवांश अग्रवाल, अशोक राजपूत, अजय फुटेला, करण फुटेला, मनोज अरोड़ा, अक्ष नारंग, कुशल अग्रवाल, डॉक्टर दीप्ति वर्मा, सात्विक वर्मा, मनीष शर्मा, अनुज छाबड़ा, सूरज सचदेवा, प्रिंस गुप्ता, दिलीप अरोड़ा, सन्नी घई, रजनीश यादव, शिवम देवल, अन्नू वाधवा, अंजू सक्सेना, शिवानी गर्ग, ज्योति गर्ग सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनी अंबेडकर जयंती

किच्छा। नगर स्थित पल्स पब्लिक स्कूल में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य हिमानी एवं विद्यालय के प्रबंधक एम रहमान




अंसारी ने बाबा साहब अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। प्रबंधक अंसारी ने कहा कि बाबा साहब समानता और सद्भावना के मार्गदर्शक थे, उन्होंने भारत को नई दिशा देने के साथ-साथ भेदभाव सामाजिक छुआछूत आदि के विरोध में कई आंदोलन किए और बाबा साहब कई भाषाओं के ज्ञाता थे। उन्होंने बच्चों से बाबा साहेब के बताए आदर्शो पर चलकर मानव सेवा और देश सेवा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों, शिक्षक, शिक्षिकाओं ने बाबा साहेब अंबेडकर को नमन कर उनके बताए आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर दरक्षा सैफी, आलिया सैफी, अलीमां, हाजी रईस प्रधान, जाकिर अंसारी, सलमान आदि मौजूद रहे।

# अवैध हथियारों सहित अंतरराज्यीय सप्लायर गिरफ्तार

रुद्रपुर। उत्तराखण्ड एसटीएफ व पुलभट्टा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में टीम ने एक अन्तर्राज्यीय हथियार तस्कर को भारी मात्रा में अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से से 06 तमंचे 315 बोर, 01 राइफल 12 बोर, 02 खोखा कारतूस .32 बोर, 01 वाहन वैगनआर कार बरामद की गई। जो उत्तरप्रदेश की अवैध हथियार फैक्ट्री में तैयार हुए हैं। मामले में एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि राज्य एस.टी.एफ. द्वारा अवैध हथियार व गैंगस्टरों की निरन्तर निगरानी कर उन पर सतर्क दृष्टि रखी जाती है। इसी क्रम में एसटीएफ को यूपी उत्तराखण्ड के बार्डर पर अवैध हथियार तस्करी होने का इनपुट मिला था जिस पर उनके द्वारा एक टीम का गठन



करकार्यवाही हेतु लगाया गया। टीम द्वारा थाना पुलभट्टा पुलिस की मदद से एक शातिर वैपन तस्कर को भारी मात्रा में अवैध हथियारों के जखीरे के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त एक वैगनआर कार में उक्त हथियारों की तस्करी कर उत्तराखण्ड ला रहा था। जिसको घेराबन्दी कर थाना पुलभट्टा क्षेत्र में टीम के द्वारा पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता महेश गंगवार पुत्र नन्हे लाल गंगवार निवासी ग्राम आमखेड़ा थाना बहेड़ी जिला बरेली हाल पता उत्तरांचल कालोनी थाना किच्छा जिला ऊधमसिंह नगर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 06 अवैध तमंचे 315 बोर व 01 राइफल 12बोर, 02 खोखा कारतूस बरामद हुए। उन्होंने बताया कि एसटीएफ ने एक बड़े अवैध हथियारों के नेटवर्क जो कि यूपी उत्तराखण्ड में सक्रिय था को तोड़ा है जिस तरह से उत्तराखणड में आये दिन फायरिंग की घटनाएं हो रही है उस दिशा में एसटीएफ का ये अहम कदम है। इस वर्ष एसटीएफ द्वारा अबतक 21 अवैध हथियार व 35 कारतूस बरामद कर 08 हथियार तस्करों के जेल की सलाखों के पीछे पहुँचाने में सफल रही है।टीम में एसटीएफ के निरीक्षक एमपी सिंह,निरीक्षक दीवान सिंह जलाल, उप निरीक्षक जगदीप नेगी, प्रकाश भगत, हेड कांस्टेबल गोविन्द बिष्ट, रियाज अख्तर,मोहित वर्मा, गुरवंत सिंह, थाना पुलभट्टा टीम के उप निरीक्षक प्रदीप मिश्रा एसओ, उप निरीक्षक दिनेश भट्ट, अपर उप निरीक्षक, प्रकाश चन्द्र व कांस्टेबल मनोज गजेन्द्र सिंह शामिल थे।

# श्रीलंका की धरती पर पार्थ और रौनक ने रचा इतिहास

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। दीगाना श्रीलंका में 10 अप्रैल से 12 अप्रैल तक आयोजित साउथ एशियन जु-जित्सू चैंपियनशिप में श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर के खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से इतिहास रचते हुए देश का नाम गर्व से ऊंचा कर दिया है। टीम के स्टार खिलाड़ी पार्थ सिन्हा ने शानदार तकनीक और बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए जु-जित्सू स्पर्धा में स्वर्ण पदक और फाइटिंग सिस्टम में रजत पदक जीतकर प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम किया। वहीं दूसरे खिलाड़ी रौनक शर्मा ने जु-जित्सू और फाइटिंग सिस्टम दोनों स्पर्धाओं में कांस्य पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे उनके कोच कमल सिंह खेल विभाग उधम सिंह नगर का अतुलनीय योगदान रहा है। उनकी



कड़ी मेहनत, अनुशासित प्रशिक्षण और उत्कृष्ट मार्गदर्शन ने खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमकने के लिए तैयार किया। गौरतलब है कि कोच कमल सिंह स्वयं वर्ष 2022 में चीन में आयोजित 19वें एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने अनेकों अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए देश को कई पदक दिलाए हैं। कोच कमल सिंह का योगदान केवल एक खिलाड़ी तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके नेतृत्व में कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हुए हैं जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भारत के लिए पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। उनका अनुभव, समर्पण और खिलाड़ियों के प्रति जुनून ही इस सफलता की असली नींव है।इस शानदार उपलब्धि पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय कुमार जोशी को विशेष धन्यवाद दिया गया, जिन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि ये खिलाड़ी आने वाले समय में देश के लिए और बड़े गौरव के क्षण लेकर आएंगे। साथ ही डीएसओ जानकी कार्की ने भी खिलाड़ियों और कोच को शुभकामनाएं देते हुए उनके निरंतर प्रगति की सराहना की। रुद्रपुर के इन होनहार खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। यह उपलब्धि न केवल क्षेत्र बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

# सपाईयों ने डा.अम्बेडकर को किया नमन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। समाजवादी पार्टी द्वारा डॉ भीम राव अम्बेडकर जी का 135 वाँ जन्म उत्सव भदईपुरा 18 में मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता पार्टी सचिव राम सिंह सागर ने व संचालन पार्टी के महा नगर अध्यक्ष मो० शरीफ



अंसारी ने किया। इस दौरान प्रदेश महासचिव अनुसूचित जनजाति के विनोद गोंड और विधान सभा अध्यक्ष नितेश कुमार अग्रवाल सहित तेजपाल यादव, विनोद कुमार, अदित्य भारती, भूपेन्द्र भारती, पुष्पेन्द्र यादव, जितेन्द्र यादव, कार्तिक सागर, ओमकार मौर्या, राजीव यादव, धर्मेन्द्र यादव, अनिल मौर्या, मुनीर मौर्या, भीम मौर्या, कृपाल सागर, शुभराति अलवी, मनी यादव, मनी मौर्या आदि सम्मिलित हुए।

# दिनेशपुर इंटर कॉलेज में मनाया संविधान निर्माता का जन्मदिन

दिनेशपुर। राजकीय इंटर कॉलेज, दिनेशपुर में मंगलवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर



विद्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नमिता मंडल ने किया। जयंती के उपलक्ष्य में पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन, उनके विचारों और संविधान निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का संचालन श्रीमती नमिता मंडल और सुश्री गंगा बिष्ट के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में प्रधानाचार्य डॉ. मधुसूदन मिश्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों, शिक्षा के महत्व और सामाजिक समानता पर प्रेरणादायक विचार रखे।

# नशीले इंजेक्शनों सहित तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी। बनभूलपुरा कोतवाली पुलिस ने चेकिंग करने के दौरान एक शातिर नशा तस्कर को भारी संख्या में प्रतिबंधित इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा कोतवाली व एसओटीएफ कुमाऊँ परिक्षेत्र की संयुक्त टीम ने गफूर बस्ती क्षेत्र में चेकिंग के दौरान संदिग्ध रूप से घूमते एक युवक को पकड़कर उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता महबूब उर्फ माकू पुत्र मुख्तियार अहमद, निवासी गफूर बस्ती, बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 129 नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। आवश्यक पूछताछ करने के बाद पुलिस ने इंजेक्शन कब्जे में लेकर महबूब के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि नशा तस्कर महबूब एक आदतन अपराधी है,



जिस पर पहले से ही एनडीपीएस एक्ट, गुंडा एक्ट और सरकारी कार्य में बाधा डालने जैसे 06 गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में उप निरीक्षक बबीता मेहरा, दीपा अधिकारी, अपर उप निरीक्षक मुजफ्फर अली, कांस्टेबल लक्ष्मण राम, मो. यासीन, पंकज भट्ट व जितेन्द्र नेगी शामिल थे। वही पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त सुरेश चन्द्र जोशी पुत्र उर्वादत्त जोशी निवासी रिलाईन्स पेट्रोल पम्प मोतीनगर थाना लालकुआँ को गिरफ्तार किया है। इधर पुलिस द्वारा जिले भर में सघन अभियान चलाया गया,जिसके तहत सत्यापन अभियान में कुल 107 संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापनकिया गया। पुलिस एक्ट व अन्य कार्रवाई में पुलिस एक्ट में 43, बीएनएसएस में 03 तथा शांति भंग की आशंका में 14 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त 11 अन्य असामाजिक तत्वों को भी हिरासत में लिया गया। यातायात कार्यवाही में नशे में वाहन चलाने पर कुल 81 चालान किए गए, 14 वाहन सीज हुए और 03 डीएल निरस्त करने की संस्तुति की गई। नशे में वाहन चलाने पर 08 चालक गिरफ्तार किया गया।

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम चेताना छाबरा (CHETANA CHHABRA) से बदलकर चेतना बांगा (CHETNA BANGA) रख लिया है। भविष्य में मुझे चेतना बांगा (CHETNA BANGA) के नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

चेतना बांगा पत्नी श्री राहुल बांगा,
निवासी- मकान नंबर-51, वसुंधरा पार्क-2, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड



# भव्य दरबार में पूरी रात हुआ बालाजी महाराज का गुणगान

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के तत्वावधान एवं महंत गौरव अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का भव्य एवं विशाल दरबार दीपक चौरसिया के पाठ किया गया। दरबार में भक्तों ने हनुमान जी के चरणों में पुष्प अर्पित कर अपनी आस्था प्रकट की। दरबार में भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। पूरी रात श्रद्धालु बालाजी महाराज के भजनों पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम का समापन प्रात: काल भव्य आरती और भोग के साथ हुआ जिसके पश्चात वासुदेव यादव, अनिल मिश्रा, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी, सौरभ अग्रवाल, मोहित नारंग, लवी अरोरा, प्रतीक गर्ग, सोनू कोली, सौरभ गुप्ता, हरिचरण सिंह, मंजीत





निवास स्थान पर अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सजाया गया। दरबार में क्षेत्र के साथ साथ आसपास के इलाकों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। दरबार की शुरुआत ज्योत ज्वलित करके की गयी। इसके बाद गणेश वंदना और हनुमान चालीसा का सराबोर कर दिया। भजनों की मधुर धुनों पर बाबा भक्त पूरी रात झूमते रहे और बालाजी महाराज के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। दरबार में महंत गौरव अग्रवाल ने जो प्रेम से बोलेगा बाबा के जयकारे, याही में भागवत याही में गीता और ओ जाने वाले जरा रुक जाना बाबा का जयकारा ले ले जैसे भजनों को सुनाकर उपस्थित जनसमूह को प्रसाद वितरित किया गया। दरबार के दौरान श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की और बालाजी महाराज के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। दरबार में दिनेशपुर नगर पंचायत मंजीत कौर, दीपक चौरसिया, राहुल चौरसिया, राधेश्याम चौरसिया, मुकेश चौरसिया, सलूजा, कृष्ण छाबड़ा, विशाल मदान, सुनील कुमार, शिवम ग्रोवर, वैभव गगनेजा, आशु झाम, संजीव कुमार, अजय जयसवाल, शिव कुमार, सतीश कुमार, सत्यम जायसवाल, अंटू रस्तोगी और उमाशंकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# भीषण आग में आने से पोल्ट्री फार्म और गेहूं की फसल खाक

शक्तिफार्म । ग्राम सभा बसगर में अचानक लगी भीषण आग से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। आग की चपेट में आने से जसविंदर सिंह का पोल्ट्री फार्म पूरी तरह जलकर राख हो गया, वहीं गुरदीप सिंह की करीब पौन एकड़ खड़ी गेहूं की फसल भी जलकर नष्ट हो गई। आग की लपटें उठती देख पास में काम कर रहे मजदूरों और ग्रामीणों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए बचाव कार्य शुरू किया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और अपनी सूझ बूझ का परिचय देते हुए ट्रैक्टरों की मदद से खेतों की जुताई शुरू कर दी, जिससे आग को आगे फैलने से रोका जा सका। काफी देर तक चली कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। समय रहते किए गए प्रयासों से आसपास के अन्य



खेतों को बड़े नुकसान की चपेट में आने से बचा लिया गया। हालांकि अभी तक आग लगने के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह ने राजस्व विभाग को सूचित कर दिया है। प्रभावित किसानों और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके पर पहुंचकर नुकसान का सही आकलन किया जाए और पीड़ित किसानों को जल्द से जल्द उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। अग्निकांड से पीड़ित किसानों के सामने गहरा संकट खड़ा हो गया है।

# बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत: आर्य

हल्द्वानी। विश्व रत्न, भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं महान समाज सुधारक बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग इन्दर पाल आर्य के निवास में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए किया गया। इस अवसर पर इन्दर पाल आर्य ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने समाज के वंचित, शोषित एवं पिछड़े वर्गों को न्याय दिलाने हेतु आजीवन संघर्ष किया। उनके द्वारा निर्मित भारतीय संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता एवं न्याय का अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि हम बाबा साहब के आदर्शों को आत्मसात कर एक समतामूलक एवं सशक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गौलापार चोरगलिया के अध्यक्ष



हेमन्त बगड़वाल ने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके समय में थे। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील करते हुए कहा कि शिक्षा, संगठन और संघर्ष के सिद्धांतों को अपनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने सामाजिक एकता, भाईचारे एवं जागरूकता को बढ़ावा देने पर बल दिया। तत्पश्चात अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबा साहब के योगदानों को स्मरण किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। इस दौरान मिष्ठान वितरित कर जयंती की खुशियाँ साझा की गईं। इस अवसर पर हरेंद्र क्वीरा, राम सिंह नगरकोटी, किशन राम, दया किशन, केशव राम, विपिन राज, खीम राम, मोहन लाल, हीरा लाल, बसंत कुमार, रमेश प्रसाद, कैलाश चंद्र चमोली, महेश राम, ललित प्रसाद, ललित कुमार, मनीष कुमार, मंतोष राय, मोहन चंद्र, राहुल सागर, पूरन राम, हेमा आर्य, चम्पा देवी, बिना देवी, पुष्पा देवी, विमला देवी, कुमारी साधना, कमला देवी, धर्मेंद्र राम, प्रदीप कुमार आर्य क्षेत्र के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब की जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

किच्छा। संविधान निर्माता एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के तत्वाधान में और समिति संयोजक डॉ. बृज किशोर के नेतृत्व में आयोजित यह विशाल शोभायात्रा दरऊ चौक से प्रारंभ हुई। बैंड बाजों पर गूंजते देशभक्ति गीतों के बीच स्कूली बच्चों, शिक्षक- शिक्षिकाओं और गणमान्य लोगों ने उत्साहपूर्वक इसमें हिस्सा लिया। शोभायात्रा बरेली मार्ग, दीनदयाल चौक, मुख्य बाजार और हल्द्वानी मार्ग से होती हुई इंदिरा गांधी खेल मैदान में पहुंचकर संपन्न हुई।खेल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी राजेश प्रताप सिंह, भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। वक्ताओं ने



बच्चों को बाबा साहेब की जीवनी के बारे में विस्तार से बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. बृज किशोर ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार जताते हुए कहा कि बाबा साहेब का मूल मंत्र शशिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करोश आज भी प्रासंगिक है।इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सीता किशोर, दिनेश भाटिया, प्रेमलता चौहान, दया डसीला, डॉ. संगीता शर्मा, डॉ. सनी सिंह, समर सिंह, खजान सिंह, रामकिशोर, सुरेश आजाद, विजय वीर सिंह, डॉ. योगेंद्र प्रताप, रामपाल, अमरदीप, सियाराम आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ के कार्यालय पर भी बाबा साहेब की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। विधायक बेहड़ के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्य कर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# मॉल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

रुद्रपुर । आवास विकास क्षेत्र के निवासी एक युवक की मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों ने मॉल परिसर से चोरी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जगतनाथ पीजी आवास विकास निवासी संजय पंवार पुत्र कालू राम पंवार ने पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला है और वर्तमान में रुद्रपुर में रह रहा है। 21 मार्च 2026 की रात लगभग 9:50 बजे वह अपनी हीरो होंडा सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल संख्या आरजे 31 एसडी 5636 से मेट्रोपोलिसिटी बिग बाजार में फिल्म देखने गया था। उसने अपना वाहन मॉल परिसर में सुरक्षा गार्ड के कमरे के पीछे वाली साइड में खड़ा किया था, जहां पहले से ही कई अन्य वाहन खड़े थे। पीड़ित के अनुसार क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति से अनजान होने और रात के अंधेरे के कारण उसे वहां लगा नो पार्किंग का बोर्ड दिखाई नहीं दिया और उसने अन्य वाहनों के साथ अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर दी। अगले दिन 22 मार्च को तड़के करीब 2:40 बजे जब वह फिल्म देखकर बाहर आया, तो मोटरसाइकिल गायब थी। काफी खोजबीन और आसपास पूछताछ करने के बाद भी वाहन का कुछ पता नहीं चला। तहरीर में वाहन का विवरण देते हुए पीड़ित ने पुलिस से मॉल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने और रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# ठुकराल ने ग्रामीणों संग केक काटकर मनाई अंबेडकर जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संविधान रचयिता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर पत्थरचट्टा में पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने ग्रामीणों और महिलाओं के साथ केक काटकर बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस दौरान राजकुमार ठुकराल ने कहा कि बाबा साहब का जीवन और उनके द्वारा रचित संविधान देश की एकता और अखंडता का आधार है। उन्होंने समाज के हर वर्ग को समानता का अधिकार दिलाने के लिए



अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। ठुकराल ने उपस्थित लोगों से बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने और शिक्षित व संगठित समाज के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और महिलाएं उपस्थित रहीं जिनमें संजय कुमार, सुरेंद्र कुमार, रोशन कुमार, सूरज यादव, प्रहलाद, उमाशंकर यादव, भोला चौधरी, हरीलाल साहनी, राधेश्याम, जुग्ती प्रसाद, सुरेंद्र यादव, आनंद शुक्ला, लाल बहादुर, पहवारी, अर्जुन, राजन चौधरी, संजय उरांव, प्रमोद, इंदर, उमेश पासवान, भीम, अशोक कुमार, धर्मेंद्र, इंद्रेश कुमार, राजा, अजय, विवेक, अभिषेक, राजा, नितेश, सुनील, बबीता यादव, रेखा, पानमती, उर्मिला, सुरस्ती देवी, सीता देवी, शकुंतला, सहोदरी, विन्द्रावती, लालती देवी, रीनी, शोभा, आशा, ममता, सुनील, इंदु, मिरा, इन्शावती, गीता, सुनीता, तिरखी, दिनेश, नागेश्वर, बीना, सोनी, विशाल, बलराम, नवल किशोर, प्रमोद शाह, सुदामा, मुमताज, आलम, नगेंदर यादव, विनोद, संजीव, सुभाष, विजय, अजय, मंगरू और निखिल शामिल रहे।

# मानवता की सेवा के लिए युवाओं ने उत्साह के साथ किया रक्तदान

बाजपुर (उद संवाददाता)। समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट रुद्रपुर द्वारा श्री सिंह सभा गुरुद्वारा बाजपुर में स्वच्छ रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। इस दौरान रक्तदाताओं ने एक स्वर में रक्तदान महादान है का संदेश देते हुए लोगों को जागरूक किया कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान बन सकता है। पूरे कार्यक्रम में सेवा और







समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली।संस्था के संस्थापक रामवीर यादव ने सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान एक ऐसा महादान है जो सीधे किसी की जिंदगी बचाता है इसलिए हमें समय समय पर इस पुण्य कार्य में भाग लेना चाहिए। वहीं कोषाध्यक्ष अलका अरोड़ा ने कहा कि सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट समाज सेवा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर कार्य करता रहेगा और जरूरतमंदों तक हर संभव सहायता पहुंचाने का प्रयास जारी रखेगा। कार्यक्रम के सफल संचालन में केवीएस ब्लड बैंक बाजपुर के इंचार्ज भारत मेहरा और उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा जिनकी देखरेख में रक्तदान प्रक्रिया को सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया गया।इस अवसर पर कुलविंदर सिंह किंडा, जगतार सिंह बाजवा, लवप्रीत सिंह, गुरविंदर सिंह गिंदर, हरप्रीत सिंह वीर सहित कई समाजसेवियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल से जुड़े यशपाल राजहंस एवं अन्य सहयोगियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजन के अंत में सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया और भविष्य में भी जनहितकारी कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया गया।

# सीएम आवास पर बैसाखी की धूम, सिख प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

## बैसाखी पर सीएम धामी से सिख प्रतिनिधिमंडल की भेंट,केंद्र व राज्य सरकार के ऐतिहासिक निर्णयों की सिख समाज ने की सराहना

देहरादून। बैसाखी के पावन और उत्साहपूर्ण अवसर पर आज मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सिख समुदाय के एक विशाल एवं गरिमामयी प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल में हेमकुंड साहिब ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा, उत्तराखंड किसान आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नामधारी, जनसंख्या नियंत्रण समिति के अध्यक्ष दिनेश मंसेरा तथा विधायक सुरेश गड़िया सहित अनेक प्रमुख गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री धामी को पारंपरिक रूप से सरोपा भेंट कर सम्मानित किया तथा बैसाखी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान वातावरण श्रद्धा, सौहार्द और उत्साह से परिपूर्ण रहा तथा सिख समुदाय की समृद्ध परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर हेमकुंड साहिब ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा सिख समुदाय के कल्याण, सम्मान और ध ार्मिक आस्था के संरक्षण हेतु किए जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लिए गए अनेक ऐतिहासिक निर्णयों ने सिख समाज को नई पहचान और सम्मान प्रदान किया है। उन्होंने विशेष रूप से हेमकुंड साहिब के लिए लगभग ‍घ1740 करोड़ की लागत से प्रस्तावित रोपवे परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह परियोजना श्रद्धालुओं के लिए एक मील का पत्थर सिद्ध होगी। इससे कठिन पर्वतीय यात्रा अत्यंत सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक हो जाएगी तथा बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग श्रद्धालुओं को विशेष लाभ प्राप्त होगा। श्री बिंद्रा ने वीर बाल दिवस के आयोजन को ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए कहा कि इससे गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को नई पीढ़ी तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा रहा है। साथ ही, गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानपूर्वक मनाना सिक्ख इतिहास और संस्कृति के प्रति देश की आस्था और सम्मान को दर्शाता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अफगानिस्तान के कंधार से श्री गुरु ग्रंथ साहिब को भारत वापस लाने का ऐतिहासिक कार्य सिख समुदाय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण रहा है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए सभी को बैसाखी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि बैसाखी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं, कृषि समृद्धि और सामाजिक एकता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भावुकता के साथ अपने बचपन की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि नानकमत्ता साहिब की पावन भूमि और गुरबाणी का उनके जीवन में विशेष स्थान रहा है। उन्होंने कहा कि गुरबाणी के संदेशों ने उन्हें सदैव सत्य, सेवा और समर्पण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि सिख समाज ने सदैव राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई है। चाहे स्वतंत्रता संग्राम हो, देश की सीमाओं की रक्षा हो या समाज सेवा का कार्य-हर क्षेत्र में सिख समाज का योगदान प्रेरणादायक रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सिख समुदाय के सम्मान और सुविधा के लिए अनेक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। "वीर बाल दिवस" के माध्यम से साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है, वहीं गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान को पूरे देश में सम्मानपूर्वक स्मरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बाबा केदारनाथ धाम से दिया गया यह संकल्प-"तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा"- आज धरातल पर साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में सड़क, रेल, हवाई कनेक्टिविटी, पर्यटन, तीर्थाटन और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर कार्य कर रही हैं, जिसके परिणामस्वरूप राज्य विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आज प्रारंभ किया गया दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर उत्तराखंड के लिए एक ऐतिहासिक और दूरगामी महत्व की परियोजना है। उन्होंने कहा कि इस कॉरिडोर के निर्माण से दिल्ली से देहरादून की यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा, जिससे पर्यटन, व्यापार और निवेश को अभूतपूर्व गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह कॉरिडोर न केवल कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा, बल्कि राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा और क्षेत्रीय विकास को नई दिशा देगा। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि हेमकुंड साहिब के लिए प्रस्तावित रोपवे परियोजना लगभग ‍घ1700-‍घ1800 करोड़ की लागत से विकसित की जा रही है। यह परियोजना आधुनिक तकनीक से सुसज्जित होगी और पर्यावरण संरक्षण के मानकों का पूर्णतः पालन करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस रोपवे के निर्माण से यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी और श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिलेगा। साथ ही, यह परियोजना स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाएगी और क्षेत्र में पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार सिख श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर आधारभूत सुविध ाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है, जिसमें बेहतर सड़कें, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता, आवास और सुरक्षा व्यवस्थाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक श्रद्धालु को उत्तराखंड में एक सुरक्षित, सुविधाजनक और आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त हो। मुख्यमंत्री श्री धामी ने यह भी कहा कि उन्हें जब भी अवसर मिलता है, वे गुरुद्वारों में जाकर सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त करते हैं और इसे अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा मानते हैं। मुख्यमंत्री श्री धामी ने पुनः बैसाखी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमें एकता, परिश्रम और सेवा की भावना को और मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से उत्तराखंड विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर रहेगा और देश के अग्रणी राज्यों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा।





# आरएएन स्कूल में करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 एवं 11 के विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु विशेष करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कर्नल सुभाष सहगल (सेवानिवृत्त) एवं कर्नल एचएस बचाल (सेवानिवृत्त) रहे। अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन विंग कमांडर एचके राय (सेवानिवृत्त) ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की प्राचार्या मुक्ता शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय सेना अनुशासन, मूल्यों और ईमानदारी का प्रतीक है। सैन्य अधिकारी सेवानिवृत्ति के बाद भी नई पीढ़ी को प्रेरित करने का कार्य करते हैं। मुख्य अतिथि कर्नल सुभाष सहगल ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि उन्होंने आर्टिलरी रेजिमेंट में चुनौतीपूर्ण स्थानों पर सेवाएं दीं। एनसीसी के साथ उनके नौ वर्षों के अनुभव ने युवाओं में नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण की भावना सुदृढ़ की है।संसाधन व्यक्ति कर्नल एचएस बचाल ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मैकेनिकल इंजीनियर्स कोर में अपनी सेवाओं और जम्मू कश्मीर से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक के अनुभवों की जानकारी दी। उन्होंने 32 एनसीसी बटालियन में कार्य करते हुए अनेक विद्यार्थियों को रक्षा सेवाओं के लिए प्रेरित किया। सत्र के दौरान अतिथियों ने रक्षा सेवाओं में करियर के अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला और विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। विद्यार्थियों के लिए यह सत्र अत्यंत प्रेरणा दायक रहा। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने अतिथियों का आभार जताया।



# ठुकराल ने तरूण नेगी को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रूद्रपुर विधानसभा यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद तरुण नेगी ने कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के आवास पर पहुंचकर उनका आशीर्वाद लिया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने तरुण नेगी का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें परंपरागत रूप से पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। राजकुमार ठुकराल ने तरुण नेगी को जीत की बधाई देते हुए कहा कि युवाओं के हाथ में ही संगठन और देश का भविष्य सुरक्षित है। उन्होंने उम्मीद जताई कि तरुण नेगी के नेतृत्व में यूथ कांग्रेस क्षेत्र में नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगी और युवाओं की समस्याओं को प्रखरता से उठाएगी। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम पार्षद राजू कोली का भी जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया। राजकुमार ठुकराल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मान देती आई है और युवाओं का राजनीति में आगे आना एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष को संगठन की मजबूती के लिए समर्पित भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला और उन्होंने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से ललित बिष्ट, संजय ठुकराल और राजू गुप्ता उपस्थित रहे जिन्होंने तरुण नेगी और राजू कोली को अपनी शुभकामनाएं देते हुए संगठन के हित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।



# बैशाखी पर्व पर भंडारा आयोजित



हल्द्वानी। बैशाखी पर्व पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य पर राजपुरा में भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंकज कुमार जोहार, लाल महेश्वरी, राजकुमार आनंद, सन्नी आनंद आदि लोग मौजूद थे। इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।


SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पाण्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531


# चड़क पूजा पर दिखा आस्था का अद्भुत और हैरतअंगेज नजारा

## महिला संन्यासी समेत अन्य श्रद्धालुओं ने पीठ पर कांटे चुभोकर खींचा रथ

दिनेशपुर। शिव शक्ति जलेश्वर मंदिर दिनेशपुर में मंगलवार को चड़क पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें संन्यासियों ने अपनी आस्था और कठिन भक्ति का विस्मयकारी परिचय दिया। इस पारंपरिक अनुष्ठान में संन्यासियों ने अपनी पीठ पर लोहे के कांटे चुभोकर करीब 25 फीट ऊंचे खंभे पर लकड़ी से बनी चरखी पर लटक कर कई हैरतअंगेज करतब दिखाए। आस्था की इस अटूट मिसाल को देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े।चैत्र माह के अंतिम दिन दिनेशपुर जाफरपुर मार्ग पर स्थित वार्ड नंबर 3 के मंदिर परिसर में आयोजित इस पूजा का नेतृत्व मुख्य चड़क संन्यासी बिधान ने किया। संन्यासियों ने अपनी नाभी, जीभ और भुजाओं को लोहे की छड़ से आर-पार कर अपनी अटूट श्रद्धा प्रदर्शित की। मंदिर के बीचों-बीच स्थापित 25 फीट ऊंचे खंभे पर संन्यासियों ने पीठ में चुभोए गए कांटों के सहारे हवा में लटकते हुए हैरतअंगेज प्रदर्शन किया, जिसे देखकर लोग अचंभित रह गए। पारंपरिक वाद्ययंत्र ढाक की धुन और शहर हर महादेवश के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया।इस आयोजन का सबसे आकर्षण का केंद्र कलीनगर निवासी महिला संन्यासी पूजा मंडल रहीं, जिन्होंने अपनी पीठ पर लोहे के नुकीले कांटे चुभोकर रस्सी के सहारे रथ को खींचा। उनके साथ अन्य संन्यासियों ने भी इसी कठिन रीति से रथ खींचा। जैसे ही यह शोभायात्रा मुख्य बाजार मार्ग में पहुंची, लोग अपनी दुकानों और घरों से बाहर निकल आए और इस चमत्कारिक आस्था के सामने नतमस्तक हुए। करीब 2 किलोमीटर से अधिक लंबे सफर तक रथ खींचते हुए संन्यासियों के साहस को देखकर हर कोई दंग रह गया।इस ध ार्मिक अनुष्ठान के अवसर पर अतुल पांडे, नारायण राय, प्रसनजीत शाह, देवव्रत राय, सुब्रत तरफदार, विक्की राय, नाडू गोपाल, सौरभ विश्वास, रोहित बठला, राजू राय, राजेश मंडल, अजय मंडल, मनोज मंडल, अनिमेष मंडल, दिलीप बढई, दिलीप राय, लक्ष्मण सिंह पानू, शंकर विश्वास, बबलू मंडल, सुरेश रंजीत सरकार, राजू मजूमदार, शुभम मंडल, मनोज बढई, आशीष राय, तपन मंडल, इंद्रजीत माली, ध्रुव कुमार, नवदीप, अंशु, दीपक, जीवन मित्र, नीलकमल, तापस मंडल, वार्ड नंबर 3 के सभासद नारायण मंडल तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मंडल समेत भारी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य नागरिक मौजूदरहे।





# मृतक को मुआवजे के लिए बजाज मोटर्स के गेट पर हंगामा

## ठुकराल और समाजसेवी सुशील गावा की मध्यस्थता के बाद सुलझा मामला

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रेलवे पटरी के समीप ट्रेन दुर्घटना का शिकार हुए बजाज मोटर्स के कर्मचारी सुरेश प्रसाद की मौत के बाद मुआवजा और नौकरी की मांग को लेकर परिजनों व श्रमिकों ने कंपनी गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। सामाजिक कार्यकर्ता सुशील गाबा के नेतृत्व में श्रमिकों के डटे रहने और प्रबंधन के कड़े रुख के कारण घंटों तक माहौल तनावपूर्ण बना रहा, जिसे बाद में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने हस्तक्षेप कर शांत कराया। घटनाक्रम के अनुसार, बजाज मोटर्स के कर्मचारी सुरेश प्रसाद पुत्र बाजी लाल की दुखद मृत्यु के बाद कंपनी प्रबंधन के व्यवहार से आहत दर्जनों कामगार सुशील गाबा के साथ सुबह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद दोपहर लगभग 10:30 बजे मृतक के पुत्र इंद्रजीत को स्थाई नौकरी और 20 लाख रुपये मुआवजे की



मांग को लेकर शव को बजाज कंपनी के गेट पर रखकर धरना शुरू कर दिया गया। गेट पर भारी पुलिस बल और पीएसी की तैनाती के बावजूद श्रमिक अपनी मांगों पर अड़े रहे। प्रबंधन और प्रदर्शनकारियों के बीच गतिरोध बढ़ने से स्थिति बिगड़ती देख दोपहर करीब 2:00 बजे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल मौके पर पहुंचे और वार्ता की पहल की। पुलिस की मौजूदगी में हुई उच्चस्तरीय वार्ता में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, समाजसेवी सुशील गाबा, कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष जगमोहन डसीला, महामंत्री हीरालाल राठौर तथा प्रबंधन की ओर से प्लांट हेड सुनील कुमार पीपल व एचआर हेड सुरेश गुप्ता शामिल हुए। लंबी चर्चा के बाद प्रबंधन ने मृतक के पुत्र इंद्रजीत को पक्की नौकरी देने, कंपनी पॉलिसी के अनुसार मुआवजा, स्टाफ व कर्मियों के एक दिन का वेतन और अंतिम संस्कार हेतु नकद धनराशि देने पर सहमति जताई। इस दौरान सुशील गाबा ने भी अपनी ओर से पीड़ित परिवार को 20 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। प्रदर्शन में सिडकुल श्रमिक मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी, कोषाध्यक्ष हेम दूर्गापाल, हैप्पी रंधावा,केरू मंडल, अशोक यादव,ललित बिष्ट, संतोष गुप्ता ,उमाशंकर यादव,ललित मटियाली, शिवशंकर प्रसाद, रामजीत प्रसाद, प्रमोद कुमार, विजय लाल, कैलाश कुमार, वीरेन्द्र प्रसाद, अनिल तिवारी, गुड्डू कुमार, तारा सिंह रावत, अविनाश कुमार, जनक किशोर, गोपी गुप्ता, राम प्रवेश प्रजापति, सुदर्शन प्रसाद, नन्हें यादव, अनूप सिंह रावत, सतेन्द्र सिंह, कौशल कुमार सहित सैकड़ों श्रमिक मौजूद रहे।

# नशीले इंजेक्शनों के साथ युवक दबोचा

किच्छा। कोतवाली पुलिस द्वारा ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने एक युवक को प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन के साथ दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 14 नशीले इंजेक्शन बरामद कर लिए। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी युवक को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह



के नेतृत्व में पुलिसकर्मी नरेंद्र कनियाल, पुलिसकर्मी भागवत परिहार, पुलिसकर्मी पूरन सोराडी की टीम ने पुरानी गल्ला मंडी, वार्ड नंबर 6, किच्छा निवासी अजय कुमार को नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी अजय के कब्जे से फेनिरामाइन मेलेट आई0 पी0 एविल के 8 तथा डायजपाम के 6 इंजेक्शन बरामद कर कब्जे में ले लिए। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ करते हुए नशे की अवैध धंधे में लिप्त अन्य लोगों की भी कुंडली कंगाल ने शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह दानू ने बताया कि नशे के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# रुद्रपुर में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के नए चैप्टर का भव्य शुभारंभ

## उद्योग जगत की हस्तियों ने भरी हुंकार, स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाने का लिया संकल्प

रुद्रपुर। औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के रुद्रपुर चौप्टर का भव्य उद्घाटन समारोह 12 अप्रैल को सोनिया होटल में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियों, उद्यमियों एवं व्यापारिक समुदाय की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने उत्तराखंड में उद्योगों के विस्तार, रोजगार सृजन और स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आईआईए का उद्देश्य केवल उद्योगों को जोड़ना नहीं, बल्कि एक मजबूत

INDIAN INDUSTRIES ASSOCIATION

औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है।कार्यक्रम की अध्यक्षता आईआईए उत्तराखंड के राज्य अध्यक्ष तरुण गोयल द्वारा की गई, जिन्होंने संगठन की भविष्य की योजनाओं और रुद्रपुर चौप्टर की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर नवगठित रुद्रपुर चौप्टर की टीम का भी औपचारिक



परिचय कराया गया। टीम में मण्डलीय अध्यक्ष कुमाऊं रोहित गोयल, अध्यक्ष संजीव जैन, उपाध्यक्ष दीपक गर्ग एवं राकेश चौहान, सचिव योगेश पवार, उप सचिव नितेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष आकाश के सक्सेना, उप कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश और महिला संयोजक अंशुल टंडन शामिल हैं। नवगठित टीम ने क्षेत्र के औद्योगिक विकास, निवेश को बढ़ावा देने और स्थानीय उद्यमियों को एक सशक्त मंच प्रदान करने का संकल्प व्यक्त किया।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न उद्योगों से जुड़े उद्यमियों के बीच नेटवर्किंग, विचार विमर्श एवं संभावित व्यापारिक सहयोग पर भी चर्चा की गई। उपस्थित उद्योगपतियों ने इस पहल को क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन अजय दिगम्बर जैन द्वारा किया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि आईआईए रुद्रपुर चौप्टर का गठन क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को नई दिशा देगा और आने वाले समय में रोजगार एवं निवेश के नए अवसर उत्पन्न करेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में उद्योगपति, व्यवसायी एवं सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बाबा साहब अंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

गदरपुर। विकास खंड गदरपुर के ग्राम प्रेमनगर में भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, पंचायत सदस्य सूरज राज एवं ग्राम प्रधान अजय कुमार सहित अनेक गणमान्य लोगों ने सहभागिता कर बाबा साहब को



श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहब अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा किए गए सामाजिक एवं संवैधानिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज के कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया और भारतीय संविधान के माध्यम से सभी नागरिकों को समानता का अधिकार प्रदान किया।इस मौके पर उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और सामाजिक समरसता एवं शिक्षा के महत्व को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रही, जिससे आयोजन का माहौल प्रेरणादायक बना रहा।

# महापौर विकास शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की मुलाकात

रुद्रपुर। महापौर विकास शर्मा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जीटीसी हैलीपैड पर मुलाकात की और प्रधानमंत्री का देवभूमि आगमन पर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए 212 किलोमीटर लंबे ऐतिहासिक इकोनॉमिक कॉरिडोर की सौगात मिलने पर उनका आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मंगलवार को एक दिवसीय उत्तराखण्ड दौरे पर आये थे। इस दौरान उन्होंने 212 किमी लंबे इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण किया। अपने 28वें उत्तराखण्ड दौरे के बाद वापस लौटते समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीटीसी हैलीपैड पर प्रदेश के कई प्रमुख नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान रूद्रपुर के महापौर विकास शर्मा को भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का अवसर मिला। इस दौरान महापौर ने उत्तराखण्ड को दून दिल्ली ऐलिवेटेड एक्सप्रेस वे की ऐतिहासिक सौगात देने पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।



इस मुलाकात के दौरान प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन सहित शासन-प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।प्रधानमंत्री से मुलाकात के उपरांत उत्साहित महापौर विकास शर्मा ने इस दौरे को ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने ने दून-दिल्ली एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे जैसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह कॉरिडोर केवल एक सड़क मात्र नहीं है, बल्कि उत्तराखंड की आर्थिक प्रगति की जीवन रेखा सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड से जुड़ाव बेहद गहरा है और यहां की जनता के हृदय में उनके प्रति अटूट विश्वास है। जनसभा में उमड़ी भारी भीड़ ने एक बार फिर केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार की नीतियों और जनकल्याणकारी कार्यों पर अपनी मुहर लगा दी है। करीब 12 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली विकास परियोजना से राज्य के पर्यटन और व्यापारिक क्षेत्रों को अभूतपूर्व गति मिलेगी।महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री का हर दौरा उत्तराखंड के लिए नई ऊर्जा और नई उम्मीदें लेकर आता है। उन्होंने विश्वास जताया कि दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर से जहां सफर सुगम होगा, वहीं प्रधानमंत्री की गारंटी पर प्रदेशवासियों का भरोसा और अधिक मजबूत हुआ है। विकास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह सफल दौरा न केवल विकास का पहिया तेज करेगा, बल्कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए भी भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत की ठोस आधारशिला रखने का कार्य करेगा।

# कांग्रेसियों ने केक काटकर मनाई अंबेडकर जयंती

गदरपुर। संविधान निर्माता भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की पावन जयंती पर कांग्रेसियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ।वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने देश को एक सर्वमान्य संविधान देकर महान कार्य किया। उन्होंने जीवन पर्यंत देश की एकजुटता, समानता और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष किया। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे



हैं।कार्यक्रम के दौरान श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कांग्रेसियों ने केक काटकर बाबा साहब की जयंती को उत्साहपूर्वक मनाया। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, सुभाष बेहड़, हरभजन सिंह सैनी, नरेंद्र सिंह ग्रोवर,राजू डुमरा, संजीव अरोड़ा, अनिल सिंह, आरपी सिंह, अनिल छाबड़ा, विजय गुंबर, अमरजीत विर्क, भीम ठकराल, राजू बठला, शराफत अली मंसूरी, प्रधान गगनदीप सिंह, सन्नी बजाज, इंद्रपाल संधू, शाकिर हुसैन, राजेश बाबा, गुरविंदर सिंह विर्क, किशोर कुमार, बाबू खां सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब केवल व्यक्ति नहीं, महान विचारधारा: बिष्ट

हल्द्वानी। स्वराज आश्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती बड़े श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। उन्होंने देश को एक ऐसा संविधान दिया, जो हर



वर्ग, हर समाज और हर नागरिक को समान अधिकार देता है। आज हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके आदर्शों पर चलकर समाज में समानता, न्याय और भाईचारे को मजबूत करें। कांग्रेस पार्टी हमेशा बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी रहेगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से बाबा साहेब के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने बाबा साहेब के सामाजिक न्याय, समानता एवं संविधान के प्रति उनके अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि आज भी उनके विचार समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। इस दौरान सतीश नैनवाल, नरेश गुणवंत, मलय बिष्ट, गोविंद बगड़वाल, हरीश लाल वैध,राजेन्द्र उपाध्याय, अमित रावत, बबलू बिष्ट, ताहिर हुसैन आदि थे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## 'आर्थिक आतंकवाद'

राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश पर अमरीकी नौसेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग की नाकेबंदी शुरू कर दी है। ईरान की बंदरगाहों पर पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। जो जहाज ईरान को 'टोल' देकर गुजरते रहे हैं, अमरीका उन पर भी नाकेबंदी करेगा। उन जहाजों को भी रोका जाएगा और जांच होगी। युद्ध का नया आयाम खुल गया है। क्या अब ईरान के प्रतिरोध पर 'समुद्री युद्ध' का आगाज हो सकता है? चूंकि ईरान 90 फीसदी कच्चा तेल चीन को निर्यात करता रहा है, लिहाजा चीन की चेतावनी सामने आई है कि ईरान के साथ उसका समझौता है, लिहाजा उसमें हस्तक्षेप न करें। इस मुद्दे पर चीन के साथ रूस भी है। क्या अब चीन-रूस बनाम अमरीका का नया टकराव सामने आ सकता है? हम स्पष्ट कर दें कि विश्व युद्ध के कोई आसार नहीं हैं, जो सनसनी कुछ टीवी चौनल फैला रहे हैं। बहरहाल अमरीका और ईरान नाकेबंदी के जरिए जो कुछ कर रहे हैं, वह निश्चित रूप से 'आर्थिक आतंकवाद' है। यदि एशिया महाद्वीप की ही बात करें, भारत-चीन-जापान जिसका हिस्सा हैं, उसकी करीब 389 करोड़ आबादी तेल-गैस और अन्य सामान से वंचित है। तेल रुकने से 59 फीसदी वैश्विक महंगाई बढ़ गई है। होर्मुज से 3 अरब बैरल तेल औसतन हररोज गुजरता था। खाने-पीने की चीजें, उर्वरक आदि के गंभीर संकट पैदा होते जा रहे हैं। भारत भी 35-40 फीसदी कच्चा तेल होर्मुज के रास्ते ही आयात करता था। भारत सरकार के पास मात्र 9.5 दिन के तेल का रणनीतिक भंडार है, शेष 64.5 दिनों के भंडारण तेल कंपनियों के पास हैं। भारत की आबादी के मद्देनजर यह तेल 'ऊंट के मुंह में जीरे' समान है। ईरान युद्ध और अब होर्मुज की नाकेबंदी के प्रत्यक्ष प्रभाव भारतीय उद्योग पर भी दिखने लगे हैं। मसलन-राजस्थान के मेंहदी कारोबार का 300 करोड़ रुपए का सामान ठप पड़ा है। उसका सामान खाड़ी देशों को जाता था। वे सभी युद्ध से त्रस्त और ध्वस्त हैं। इसके अलावा, कांच की चूडियों का कारोबार, सिरेमिक टाइल्स, प्लास्टिक के उद्योग और खाद की कमी से खेती आदि पर घोर संकट हैं। सरकार कुछ भी दावे करे या सहानुभूति व्यक्त करे, लेकिन देश में 22 अरब रुपए का नुकसान हो चुका है। करीब 5.5 लाख रेस्तरां, छोटे होटल या तो बंद हो चुके हैं अथवा तालाबंदी के कगार पर हैं। श्रमिक पलायन कर अपने गांव लौट रहे हैं अथवा नोएडा, हरियाणा की कुछ कंपनियों के बाहर हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं। वाहन भी फूंक दिए गए। इस 'आर्थिक आपातकाल' में कंपनियां भी मजदूरों को पर्याप्त मेहनताना कैसे दें, क्योंकि उनके उत्पाद भी बेकार पड़े हैं। निर्यात संभव नहीं हैं। भारत खाड़ी देशों को 19 लाख करोड़ रुपए का सालाना निर्यात करता है। यह कोई सामान्य राशि नहीं है। भारत ने एक बार फिर रूस से 19.75 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा है। यह 2025 जितना ही है। हालांकि अमरीका की घुडकी और टैरिफ के भय के कारण भारत ने यह खरीद 6 लाख बैरल तक घटा दी थी। इसी तरह 2019 से ईरान से तेल लेना भी बंद कर दिया था। अब मौजूदा दौर में ईरानी तेल के दो टैंकर (20-20 लाख बैरल) भी भारतीय तटों पर आए हैं। अब हम अमरीका, अल्जीरिया, अंगोला, ओमान आदि देशों से भी कच्चा तेल आयात करने को विवश हैं। भारत की विदेश नीति, तेल आयात नीति और भंडारण की नीति सवालिया हैं। दरअसल हम कुआं खोदना तब शुरू करते हैं, जब आग धधकने लगती है। तेल का भंडारण आज भी उतना ही है, जितना 2014 में था, जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने थे। चीन में 110-140 दिन का भंडारण है और जापान 254 दिन के तेल का भंडारण रखता है। बहरहाल अब अमरीका और ईरान जो नाकेबंदियां कर रहे हैं, युद्धपोत, लड़ाकू विमान, पनडुब्बियां, मिसाइल, ड्रोन और बारूदी सुरंगें जिस तरह तैनात हैं, उन्हें शेष दुनिया की चिंता भर भी नहीं है। फ्रांस, ब्रिटेन, इटली, स्पेन सरीखे सहयोगी देशों ने राष्ट्रपति ट्रंप की नाकेबंदी का विरोध किया है। वे अपने 'शांति मिशन' पर अलग से विचार कर रहे हैं। अमरीका के निशाने पर ईरान के साथ-साथ चीन भी है, जिसकी तेल-आपूर्ति पर भी पहरेदारियां बिठा दी गई हैं। कुल मिला कर ये हरकतें 'आर्थिक आतंकवाद' नहीं हैं, तो क्या हैं?

# फायर पुलिस का अग्निशमन सप्ताह शुरू



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस दमकल विभाग द्वारा एसएसपी के निर्देश पर आज 14 अप्रैल से अग्नि शमन सप्ताह का शुभारंभ किया गया जो आगामी 20 अप्रैल तक जारी रहेगा। इस दौरान अग्निशमन अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित प्रतिष्ठानों, दुकानों, रेस्टोरेन्टों, होटलों, कम्पनियों, स्कूलों, मॉलों, अस्पतालों, बारातघरों व बहुमंजिली इमारतों आदि में प्राथमिक अग्निशमन उपकरण अवश्य लगाने एवं उनके कार्य विधि के बारे में पूर्ण जानकारी रखने के प्रति जागरूक किया जाएगा। अग्नि से सम्वन्धित किसी भी दुर्घटना एवं आकस्मिकता पर टोल फ्री नम्बर 112 एवं फायर स्टेशन सिडकुल के कन्ट्रोल रूम 05944- 250745 में सूचना दें। उन्होंने बताया कि एलपीजी गैस सिलेण्डर में आग लगने पर घबरायें नहीं। अतिशीघ्र अपने निकटतम फायर सर्विस को सूचित करें तथा जहाँ तक सम्भव हो किसी भी कपड़े कम्बल को पानी में भीगोकर अग्नि वाले स्थान पर डालकर चारों ओर से लपेट दें। आग स्वत: ही बुझ जायेगी। उन्होंने बताया घरों में प्रयोग होने वाले एल०पी०जी० गैस सिलेण्डर में खाना बनाने के पश्चात सिलेण्डर के रेग्यूलेटर को पूर्ण रूप से बन्द कर दें। ताकि गैस रिसाव ना हो सके। आग लगने पर घबरायें नहीं अग्नि स्थल का पूर्ण विवरण सूक्ष्म समय में निकटतम फायर सर्विस को दें। फायर सर्विस के वाहनों के आवागमन हेतु सड़क में यातायात व्यवस्था में 100 प्रतिशत भागीदारी करें हो सके आपके यातायात सुविधा से किसी के जान माल की पूर्ण सुरक्षा हो सके। घर में प्रयोग होने वाले इलैक्ट्रिक वायरिंग उच्च कोटि की रखें व इलैक्ट्रिक वायरिंग में प्लग का प्रयोग करें। विद्युत का प्रयोग हो जाने पर स्वीच को सदैव बन्द कर दें। रोड में चलते समय धुम्रपान का प्रयोग न करें हो सके किसी के वाहन में ऑयल सम्वन्ध ी किसी प्रकार की कोई समस्या हो जिसके कारण जान माल की क्षति हो सकती है। धुम्रपान कर सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, सड़क किनारें न फैकें हो सके किसी की जीवन भर की पूँजी या 06 माह की फसल उस जद में ना आ जाये। उन्होंने बताया यदि आप उस स्थान में फसे हैं जहा पर अग्निदुर्घटना घटित हुई हो और वहाँ पर आवागमन हेतु लिफ्ट हो तो ऐसे समय में लिफ्ट का प्रयोग कदापि न करें जहाँ तक हो सीढ़ी का प्रयोग करें।सामाजिक स्थलों / व्यवसायिक भवनों / उद्योगों आदि में आवागमन करते समय आपातकानीन द्वार का ध्यान अवश्य दें।अपने वाहनों का कभी भी विद्युत लाइनों हाईटेंशन लाईनों के नीचे खड़ा न करें। इस दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी व प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सहित दमकल विभाग के कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट में आरोहण छात्रवृत्ति परीक्षा संपन्न

## मेधावी विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार और सांत्वना राशि देकर किया सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस रुद्रपुर में बारहवीं आरोहण 2026 छात्रवृत्ति परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों से कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम जनसंपर्क अधिकारी शिवम शर्मा के मार्गदर्शन में पिछले तीन महीनों से निरंतर संचालित किया जा रहा था जिसके अंतर्गत रुद्रपुर, किच्छा, पंतनगर, हल्द्वानी, सितारगंज, बाजपुर एवं शक्तिफार्म क्षेत्र के लगभग 120 विभिन्न विद्यालयों के लगभग 6000 विद्यार्थियों की परीक्षाएँ सफलतापूर्वक आयोजित की गईं। प्राथमिक चयन के उपरांत विद्यार्थियों को अंतिम लिखित परीक्षा हेतु आमंत्रित किया गया।इस अवसर पर कॉलेज जीवन पर आधारित एक नाट्य प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और इसके अतिरिक्त एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। समारोह में द्वितीय चरण के कक्षा 12वीं के लगभग 265 विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा दी। परिणामस्वरूप विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय से 30 छात्र छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा शर्मा वाणिज्य विभाग श्री गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज रुद्रपुर, द्वितीय स्थान हर्षित पीसीबी विभाग किड्स पैराडाइज पब्लिक स्कूल दिनेशपुर तथा तृतीय स्थान पलक सक्सेना पीसीएम विभाग एकेआईसी बाजपुर ने प्राप्त किया। विजेताओं को क्रमश: 3100 रुपये, 2100 रुपये तथा 1100 रुपये के नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संस्थान द्वारा स्थापित काउंसलिंग डेस्क पर विद्यार्थियों को फार्मेसी, इंजीनियरिंग, नर्सिंग, कृषि, पैरामेडिकल तथा सिविल सेवाओं सहित विभिन्न करियर विकल्पों की विस्तृत एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। इस सत्र का सफल संचालन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन एवं उनकी टीम द्वारा किया गया।कार्यक्रम के समापन के अवसर पर संस्थान के संस्थानाध्यक्ष ललित सिंह बिष्ट, नर्सिंग के प्राचार्य विवेक त्रिवेदी तथा रजत धवन ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने की बात कही। साथ ही विद्यालयों के प्रबंधकों, शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान संस्थान के चेयरमैन राजेश डावर, वाइस चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, निर्देशिका डॉ. सीमा अरोरा, मैनेजमेंट सदस्य वंश डावर एवं शौर्य अरोरा, संस्थानाध्यक्ष ललित सिंह बिष्ट, कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य विवेक त्रिवेदी, उप प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, सीएओ अनुभव बाठला, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन, शिवम शर्मा, रोहित सिंह पडियार, सोनिया, डॉ. सुप्रीत कौर, डॉ. अक्षिता बांगा, साहिल छाबड़ा, कार्तिक हालदार, ललित भट्ट, मिली मण्डल सहित आदि मौजूद थे।




# हज आवेदकों को दी हज अरकान और सफर की जानकारी



सितारगंज।इस वर्ष हज की तैयारियों के तहत हज आवेदकों के लिए हज तरबियत कैंप (प्रशिक्षण शिविर) का आयोजन हज हाउस पिरान कलियर में किया गया। शिविर में हज आवेदकों को हज यात्रा से जुड़े विभिन्न धार्मिक, व्यावहारिक और स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब अहमद ने हज पर जाने वाले आजमीन ए हज को मुबारकबाद पेश की। हज आवेदकों को हज के दौरान गुम होने से बचने और लोकेशन ट्रेस के लिए स्मार्ट वॉच दिए जाने की जानकारी दी गई। उत्तराखंड हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब अहमद और लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन हज अधिकारी मोहम्मद अहसान ने किया। शिविर में हज ट्रेनर मौलाना आरिफ और मौलाना अरशद ने हज यात्रियों को एहराम पहनने की विधि सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक रूप से समझायी। इसके साथ ही तवाफ करने, काबा शरीफ के चक्कर लगाने, सफा-मरवा के बीच सई, अराफात और मीना में ठहराव सहित हज के विभिन्न अरकान की जानकारी दी गई। साथ ही मक्का-मदीना के नियमों, स्वास्थ्य सुरक्षा उपायों और डिजिटल उपकरणों के उपयोग के बारे में भी हाजियों को जागरूक किया गया।हज कमेटी अध्यक्ष खतीब अहमद ने बताया कि इस वर्ष उत्तराखंड से लगभग 1348 हज यात्रियों का चयन हुआ है, जिनमें से करीब 441 यात्री हरिद्वार जनपद से हैं, और प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए है। इस अवसर पर हज कमेटी सदस्य मोहम्मद मन्नान रजा, एडवोकेट समीर जाफरी, हाजी मुस्तकीम, हाजी इलियास, अकरम साबरी, हाजी सईद हसन, राशिद अली समेत हज कमेटी के स्टाफ में अब्दुल कादिर, शाहिद, इजहार, रफत हुसैन, गुलशन,अरशद आदि उपस्थित रहे।

# धीरज सिंह रघुवंशी फिडे रेटेड चेस प्रतियोगिता 22 अप्रैल से



किच्छा। आगामी 22 अप्रैल से द्वितीय धीरज सिंह रघुवंशी मेमोरियल फिडे रेटेड ओपन चेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा तथा 26 अप्रैल को प्रतियोगिता के फाइनल मैच खेले जाऐंगे। विजेता खिलाड़ियों को 12.50 लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा तथा प्रतियोगिता में देश-विदेश के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। देवभूमि चेस एसोसिएशन के महासचिव संजीव चौध री ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 22 अप्रैल से 26 अप्रैल तक भारतीयम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, लालपुर में कराया जाएगा। प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ी नौ राउंड खेलेंगे तथा प्रतियोगिता में ग्रैंडमास्टर व इंटरनेशनल मास्टर सहित अन्य सभी वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है और प्रतियोगिता के दौरान देश-विदेश के तमाम खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करेंगे। महासचिव चौधरी ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों को साढ़े बारह लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इस दौरान एसोसिएशन की कोषाध्यक्ष डा. सीमा सिंह, अवि सिंह, पवन कुमार व आर्यन सिंह मौजूद रहे।

# न्यायधीश व अधिवक्ताओं ने किया डा. अम्बेडकर को नमन



रुद्रपुर। बार भवन में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के पावन अवसर पर सामाजिक समरसता का एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन का संयुक्त रूप से संचालन जिला अधि वक्ता परिषद तथा जिला बार एसोसिएशन के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीशों एवं न्यायिक अधिकारियों की उपस्थिति रही। साथ ही जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव फोगाट, सचिव जसवंत सिंह एव कार्यकारिणी सदस्यो तथा जिला बार के सदस्य अधिवक्ताओ ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों को स्मरण करते हुए समाज में समानता, न्याय एवं बंधुत्व की भावना को सुदृढ़ करने पर बल दिया। कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष अधिवक्ता डी.डी. गुणवंत, महामंत्री दुर्गेश मोहन शर्मा, उपाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष विजय प्रजापति, मंत्री रेनू तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। समापन पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करने एवं समाज में एकता और समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

# गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने ठुकराल को किया सम्मानित




रूद्रपुर। आदर्श कॉलोनी स्थित रामगढ़िया गुरुद्वारा में बैसाखी पर्व के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक समागम का आयोजन किया गया।इस विशेष अवसर पर पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने गुरुद्वारा पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सम्मुख मत्था टेका और क्षेत्र की सुख समृद्धि व खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। समागम में भारी संख्या में संगत ने शिरकत कर गुरुवाणी का श्रवण किया और बैसाखी के उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया। गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का स्वागत किया और उन्हें गुरु घर की परंपरा के अनुसार सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थित संगत को संबोधित करते हुए राजकुमार ठुकराल ने कहा कि बैसाखी का पर्व भारतीय संस्कृति और सिख इतिहास में विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना कर समाज को अन्याय के विरुद्ध लड़ने और मानवता की सेवा का मार्ग दिखाया था। उन्होंने बैसाखी की बधाई देते हुए समाज के सभी वर्गों के बीच आपसी भाईचारा और प्रेम बनाए रखने का आह्वान किया।

# सोखता गड्ढे में डूबने से मासूम की मौत

## मन्नत पूरी होने पर घर में आयोजित हुआ था धार्मिक कार्यक्रम, शाम को बुझ गया घर का चिराग

शक्तिफार्म। शक्तिफार्म क्षेत्र के गुरुग्राम में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां घर के इकलौते चिराग की सोखता गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। सुबह जिस घर में मन्नत पूरी होने की खुशी में पूजा-पाठ और भोग का आयोजन हुआ था, उसी घर में शाम होते-होते मातम पसर गया। पड़ोसी के खुले सोखता गड्ढे में गिरकर दो वर्षीय मासूम आदर्श की दर्दनाक मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। जानकारी के अनुसार गुरुग्राम निवासी अमित सरकार और उनकी पत्नी पुष्पा के परिवार में तीन बेटियों के बाद आदर्श का जन्म हुआ था, जिसे परिवार ईश्वर की विशेष कृपा मानता था। कुछ वर्ष पूर्व सुरेंद्रनगर स्थित तारक नाथ धाम में मांगी गई मन्नत पूरी होने पर मंगलवार सुबह पूरा परिवार मंदिर पहुंचा था,



जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शिवलिंग का जला भिषेक किया गया।घर लौटने के बाद दिनभर खुशियों का माहौल बना रहा लेकिन शाम को खुशियां अचानक चीख-पुकार में बदल गईं। खेलते-खेलते आदर्श घर से निकल कर पड़ोस में चला गया और काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोज बीन के दौरान पड़ोसी के घर के पास बने सोखता गड्ढे में मासूम का शव उतराता हुआ मिला। यह दृश्य देख परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन-फानन में बच्चे को निजी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इकलौते बेटे की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना ने एक बार फिर आबादी वाले क्षेत्रों में खुले और असुरक्षित सोखता गड्ढों से होने वाले खतरों को उजागर कर दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे खतरनाक गड्ढों को तत्काल बंद कराया जाए ताकि भविष्य में किसी और की जान न जाए।

# चड़क पूजा में संन्यासियों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

## पीठ में कांटे चुभोकर २५ फीट ऊंचे खंभे पर झूले संन्यासी, हर-हर महादेव से गूंजा शक्तिफार्म

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। पवित्र चैत्र माह के अंतिम दिन सुरेंद्रनगर स्थित तारकेश्वर धाम और बैकुंठपुर शिवालय में आयोजित चड़क पूजा में आस्था, तप और साहस का अनूठा संगम देखने को मिला। मंगलवार को आयोजित इस विशेष अनुष्ठान में पश्चिम बंगाल से आई नौ सदस्यीय टीम ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा संपन्न कराई जिसके बाद पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। मुख्य चड़क बाबा रतन नंदी महाराज के नेतृत्व में संन्यासियों की कठोर साधना और अद्भुत करतबों ने वहां मौजूद हजारों श्रद्धालुओं को हैरान कर दिया। आयोजन के दौरान संन्यासियों ने अपनी पीठ में लोहे के कांटे चुभोकर लगभग 25 फीट ऊंचे खंभे पर बनी लकड़ी की



चरखी से खुद को लटकाया और हवा में झूलते हुए अद्भुत साहस का प्रदर्शन किया। इसके अलावा नाभि, जीभ और भुजाओं में त्रिशूल भेदकर संन्यासियों ने अपनी कठोर तपस्या और अटूट भक्ति का परिचय दिया। इन रोंगटे खड़े कर देने वाले दृश्यों को देखकर श्रद्धालुओं की सांसें थम गईं और मंदिर परिसर हर-हर महादेव के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। डाक की गूंजती धुनों और शिवभक्ति के माहौल ने इस प्राचीन परंपरा के आयोजन को और भी भव्य बना दिया। उल्लेखनीय है कि चड़क पूजा भगवान शिव की आराधना से जुड़ी एक प्राचीन परंपरा है जो विशेष रूप से बंगाली समुदाय में प्रचलित है। चैत्र माह के अंतिम दिन आयोजित होने वाली इस पूजा को तप, त्याग और अटूट श्रद्धा का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि इस दौरान संन्यासी कठोर साधना कर भगवान शिव को प्रसन्न करते हैं जिससे जनमानस की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस अवसर पर पूजा कमेटी के सदस्य, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण व शिव भक्त मौजूद रहे जिन्होंने देर रात तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की।

# पेज एक का शेष...

**ट्रेन में गन प्वाइंट....**मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के साथ तमाम व्यापारी यहां रेलवे स्टेशन आ पहुंचे और उन्होंने जीआरपी व बिलासपुर थाना पुलिस को फोन पर घटना की विस्तार से जानकारी देकर बदमाशों को शीघ्र गिरफ्तार कर लूट की रकम बरामद करने की मांग की। उन्होंने घटना पर गहरा रोष जताते हुए कहा कि ट्रेन में प्रतिदिन सैकड़ों लोग यात्रा करते हैं जिनमें शहर के व्यापारी भी शामिल है। अब ट्रेन का सफर भी सुरक्षित नहीं रह गया है। रेलवे पुलिस अपनी जिम्मेवारी को ठीक तरह से नहीं निभा रही है। जिसके परिणाम स्वरूप आज यहां सरेआम चलती ट्रेन में लूट की वारदात सामने आई। पुलिस का कहना है कि घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे स्टेशन अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है।

66 **लाख की स्मैक के ....**अभियुक्त विजय सिंह नेगी पुत्र राम सिंह, निवासी द्वाराहाट अल्मोड़ा (हाल निवासी गंगा कॉलोनी हल्द्वानी) के कब्जे से 221 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 66 लाख 30 हजार रुपये आंकी गई है। इसके पास से नशे की बिक्री के 14,520 रुपये नकद, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू और मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। अभियुक्त का पुराना आपराधिक इतिहास भी रहा है। एसएसपी ने पुलिस टीम की इस बड़ी कामयाबी पर एसएसपी ने टीम को 1500 रुपये के पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की है। इस टीम में उपनिरीक्षक कृपाल सिंह, हेड कांस्टेबल त्रिलोक सिंह रौतेला, कुंदन सिंह कठायत, कांस्टेबल भानु प्रताप, अशोक सिंह रावत, भूपेंद्र सिंह और महिला कांस्टेबल भावना जोशी शामिल रहीं। इसी अभियान के तहत दो अन्य गिरफ्तारियां भी हुई हैं। कोतवाली हल्द्वानी के अंतर्गत राजपुरा चौकी पुलिस ने गोला गेट के पास चेकिंग के दौरान गुलशन पुत्र छुट्टन, निवासी राजपुरा को 4.18 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। वहीं, थाना बनभूलपुरा पुलिस ने चोरगलिया रोड पर चेकिंग के दौरान मेराज अली पुत्र मोहम्मद हनीफ को 11.72 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा। मेराज अली के विरुद्ध पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं। बनभूलपुरा की टीम में उपनिरीक्षक मनोज यादव, कांस्टेबल इंदर सिंह, सुनील कुमार और सुच्चा सिंह शामिल रहे। एसएसपी नैनीताल ने स्पष्ट किया है कि पुलिस शून्य सहिष्णुता की नीति पर काम कर रही है और नशे के खिलाफ यह प्रहार भविष्य में भी जारी रहेगा।

**धामी का बढ़ता सियासी कद...**प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के बीच मजबूत समन्वय ने यह संदेश दिया कि पार्टी पूरी तरह धामी के नेतृत्व में एकजुट है। विशेषज्ञों का मानना है कि 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा अब प्रदेश में स्थिर और मजबूत चेहरे के रूप में धामी को आगे बढ़ा रही है। "धाकड़ धामी" की छवि अब केवल नारे तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह सुशासन, पारदर्शिता और विकास का प्रतीक बनती जा रही है। विपक्ष के लिए भी यह संकेत स्पष्ट है कि आने वाले चुनाव में मुकाबला केवल राजनीतिक दलों के बीच नहीं, बल्कि "मोदी-धामी मॉडल" के खिलाफ होगा। ऐसे में मुख्यमंत्री धामी का बढ़ता सियासी कद भाजपा के लिए मजबूत आधार तैयार करता दिख रहा है। कुल मिलाकर, प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के लिए एक राजनीतिक टर्निंग पॉइंट साबित होता नजर आ रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि धामी अब उत्तराखंड की राजनीति में एक उभरते नहीं, बल्कि स्थापित होते हुए नेता के रूप में तेजी से अपनी पहचान मजबूत कर रहे हैं।

**इंडेन गैस एजेंसी पर .....**रोजाना 3 गाड़ी सिलेंडर की डिमांड है लेकिन प्रतिदिन केवल एक गाड़ी आने से यह परेशानी बढ़ती जा रही है। डीएसी पर्ची की बाध्यता के कारण इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के सिस्टम में रूद्रपुर के लिए लोड बढ़ाने में तकनीकी परेशानी हो रही है। सुबह 4 बजे से लाइनों में लगे उपभोक्ताओं की जब डीएसी पर्ची जनरेट नहीं होती तो उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है जिससे आम जनता में भारी रोष है। गाबा ने मांग की कि सिलेंडरों की किल्लत दूर करने के लिए डीएसी सिस्टम के साथ पर्ची से बुकिंग की पुरानी व्यवस्था भी लागू की जाए। इस दौरान पार्षद सचिन मुंजाल ने कहा कि कमर्शियल सिलेंडरों के अभाव में सैकड़ों छोटी चाय की दुकानें और ढाबे बंद हो चुके हैं जिससे हजारों लोग बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने शीघ्र ही नए कमर्शियल कनेक्शन देने और उनकी सुचारू डिलीवरी की मांग की। वहीं पार्षद परवेज कुरैशी ने कहा कि बस्तियों में सिलेंडरों के लिए जनता पार्षदों पर भारी दबाव बना रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस समस्या का जल्द समाधान नहीं किया तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। उपभोक्ताओं ने एक स्वर में सरकार से गैस आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

**रिफिलिंग करते सिलेंडर में....**जा रही है। मामले की सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस के साथ दमकल कर्मी भी आ गये और उन्होंने आग पर काबू पाया। आग से घर में रखे सामान को भी नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उपचार कर रहे डा. जुनेद के अनुसार देवकी देवी लगभग 46 प्रतिशत, अनीता देवी करीब 20 प्रतिशत, संगीता देवी करीब 15 प्रतिशत व पारूल करीब 30 प्रतिशत झुलस गई हैं।

**गेहूं खरीद शुरू न होने पर....**को ज्ञापन भी सौंपा। उनका कहना है कि गेहूं की फसल तैयार है और वे मंडी तक अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन खरीद व्यवस्था शुरू न होने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है या खुले में फसल रखने को मजबूर होना पड़ रहा है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द गेहूं खरीद शुरू नहीं की गई तो वे आगामी दो दिनों में मंडी गेट पर ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी कतार लगाकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। मंडी के सीनियर मार्केटिंग इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र ने बताया कि गेहूं खरीद शुरू न होने का कारण संबंधित पोर्टल में तकनीकी समस्या है। इस समस्या से उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है और जल्द ही समाधान होने की उम्मीद है, जिसके बाद खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। धरना प्रदर्शन के दौरान गुरनाम सिंह, जागीर सिंह, त्रिलोक सिंह, सुक्खा सिंह, सुरेश सिंह, गुरदेव सिंह, संतोष सिंह, लक्ष्मण सिंह, दिलीप सिंह, हरदेव सिंह, अमरीक सिंह सहित कई किसान मौजूद रहे।

**कुमांऊ के लिए पंतनगर....**आभार व्यक्त किया। हवाई अड्डे के विस्तार पर चर्चा करते हुए विधायक ने बताया कि पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तार का कार्य तेज गति से चल रहा है जिसमें पहले चरण में चारदीवारी का निर्माण कार्य गतिमान है। जल्द ही रनवे और टर्मिनल बिल्डिंग बनाने का कार्य भी शुरू होने जा रहा है जिससे भविष्य में हवाई सेवाओं का और अधिक विस्तार होगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, सीडीओ दिवेश शासनी, एयरपोर्ट डायरेक्टर पवन कुमार, सिविल इंचार्ज अनुज गुप्ता, ऑपरेशन इंचार्ज नीरज सैनी, स्टेशन इंचार्ज आलिया हैदर, मार्केटिंग मैनेजर वीसी तिवारी और असिस्टेंट मैनेजर अजय कमाल सहित अनेक अधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने इस सेवा के प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर बताया।

**सिडकुल कर्मी ने कूदकर....**जान तो बचा ली लेकिन उसकी बाईक ट्रक के नीचे आकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलनें पर चौकी पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने ट्रक को अपने कब्जे में लिया। बताया जाता है कि पंतनगर निवासी तिलक बहादुर पुत्र स्व. जन बहादुर मंगलवार की रात्रि अपनी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06 बीजे 5687 पर सवार होकर सिडकुल की कम्पनी में काम करने के लिए जा रहे थे। जब वह वोल्टाज कम्पनी के पास पहुंचे तो अचानक सामने से तेज गति से ट्रक आता दिखाई दिया। जब ट्रक उनके सामने ही आ गया तो उन्होंने अपनी जान बचाते हुए बाईक से कूद लगा दी। हांलाकि उनकी जान तो बच गई परंतु उनकी बाईक ट्रक संख्या यूपी 78 सीटी 8870 के नीचे आकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई। मामले की सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी मौके पर आ गये और उन्होंने बाईक चालक से घटना की विस्तार से जानकारी ली तथा ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। घटना के बाद से सिडकुल कर्मियों में अनियंत्रित गति से चलने वाले वाहनों को लेकर रोष काफी बढ़ गया है।

# गुरुद्वारा माता साहिब कौर में श्रद्धा से मना बैसाखी पर्व

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। खालसा पंथ का स्थापना दिवस और बैसाखी पर्व स्थानीय माता साहिब कौर गुरुद्वारे में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सजाए गए धार्मिक दीवान में देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे जत्थेदारों और कथावाचकों ने गुरु की महिमा का विस्तार से वर्णन किया तथा संगत को गुरुओं के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया।गुरुद्वारा माता साहिब कौर में बैसाखी पर्व



के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय धार्मिक दीवान का आयोजन किया गया, जिसका समापन मंगलवार को हुआ। समागम के तीसरे दिन विभिन्न राज्यों से पहुंचे बलवीर सिंह पारस डाढ़ी जत्था, ज्ञानी लखबीर सिंह मस्त कवि जत्था और ज्ञानी हरदीप सिंह सहित अन्य जत्थों ने कीर्तन और कथा के माध्यम से खालसा पंथ की स्थापना और सिख गुरुओं की महिमा का गुणगान किया।इस दौरान बाबा गुरजंट सिंह नानपुरी टांडा वाले ने कहा कि सिख धर्म ऐसा पंथ है जिसमें किसी प्रकार का भेदभाव या ऊंच नीच की भावना नहीं है। उन्होंने कहा कि सच्चा सिख वही है जो गुरु के बताए मार्ग पर निडर होकर चलता है और समाज में समानता तथा सेवा की भावना को बढ़ावा देता है। गुरुद्वारा माता साहिब कौर के सरपरस्त बाबा गुरदेव सिंह ने संगत को संबोधित करते हुए गुरु के मार्ग पर चलने और समाज में एकता बनाए रखने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा गुरु ग्रन्थ साहिब का पाठ सुनाने पर उन्हें मंच से सम्मानित किया गया, जिससे संगत में विशेष उत्साह देखने को मिला। इसके साथ ही नानपुरी टांडा के बाबा गुरजंट सिंह और बाबा चंदन सिंह की उपस्थिति में कई श्रद्धालुओं को अमृत पान भी कराया गया। समागम में बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही। इस अवसर पर डा बलवंत सिंह, भगवत सिंह, जसवीर सिंह गोरया, गगनदीप सिंह रंधावा, कावल सिंह, गुंजन सुखीजा, हरजीत सिंह, परविंदर सिंह, दर्शन सिंह, हैप्पी विर्क, बलदेव सिंह, दरबारा सिंह रंधावा, गुरमुख सिंह, जसवीर सिंह ढिल्लो, इंद्रजीत सिंह, जसवीर सिंह, बाबा रविंद्र सिंह, निशान सिंह और नवाब सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# जन समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी। युवा कांग्रेस हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र के नवनियुक्त अध्यक्ष इंजीनियर सुमित कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उप जिलाधिकारी को विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शहर में गैस आपूर्ति व्यवस्था की अव्यवस्था को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई। प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि वर्तमान समय में गैस की अनियमित आपूर्ति के कारण आम जनमानस को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही गैस सिलेंडरों की बढ़ती कीमतों के चलते छोटे व्यापारियों एवं रेहड़ी-पटरी संचालकों पर आर्थिक संकट गहराता जा



रहा है।युवा कांग्रेस ने मांग की कि जब तक गैस संकट पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता, तब तक प्रभावित छोटे व्यापारियों एवं वेंडर्स को सरकार द्वारा बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जाए, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण सुचारू रूप से कर सकें। इसके अतिरिक्त विवाह समारोहों में वर्तमान में आवंटित दो गैस सिलेंडरों की संख्या बढ़ाने की भी मांग की गई, जिससे सामाजिक कार्यक्रमों में आ रही कठिनाइयों को दूर किया जा सके। ज्ञापन में कहा गया कि गैस की आपूर्ति को तत्काल प्रभाव से सुचारू एवं नियमित किया जाए तथा कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इस अवसर पर महासचिव मोहम्मद अनस, प्रदेश महासचिव स्वाति जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष जूही चौपाल, ब्लॉक अध्यक्ष नदीम सैफी, ब्लॉक अध्यक्ष उमेश जोशी, जिला उपाध्यक्ष अर्जुन टम्टा, आसिफ अली सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रहे।

# किशोर के पास मिली लापता नाबालिग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प कोतवाली क्षेत्र से लापता हुई किशोरी को पुलिस ने पुलभट्टा थाना क्षेत्र से एक किशोर के पास से बरामद कर दोनों को अपने संरक्षण में ले लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डे ने बताया कि कोतवाली ट्राजिट कैम्प पुलिस टीम द्वारा उत्तराखण्ड उत्तर प्रदेश बिहार आदि राज्यो मे दबीस देकर नाबालिक किशोरी को बरामद कर अभियुक्त को पकड़ लिया गया है। उन्होंने बताया 10 अप्रैल 2026 को क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति द्वारा अपनी नाबालिक पुत्री के दिनांक 8 अप्रैल को दोपहर घर से चले जाने के सम्बन्ध मे सूचना दर्ज करायी गयी। कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा की तलाश उत्तर प्रदेश, बिहार (जिला-जमोई,बिहार ) राज्यो मे दबीस दी गयी। मुखबीर और सर्विलाश की मदद से नाबालिक बालिका गुमशुदा को सितारगज रोड पर गोला नदी के पुल थाना पुलभट्टा से ट्रान्जिट कैम्प निवासी किशोर को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से लापता नाबालिग को भी बरामद किया गया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# पीएम मोदी ने फिर जताया उत्तराखंड से गहरा लगाव

## पीएम का जबरदस्त लोकल कनेक्ट, मुख्यमंत्री धामी की कर्मठता को सराहा




देहरादून (उद संवाददाता)। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के भव्य उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड के प्रति विशेष प्रेम एक बार फिर पूरी प्रखरता के साथ दिखाई दिया। सिर पर ब्रह्मकमल वाली पारंपरिक टोपी और भाषण में गढ़वाली-कुमाऊंनी के आत्मीय शब्दों के साथ प्रधानमंत्री ने यह साबित कर दिया कि देवभूमि की प्रगति उनके हृदय के कितने करीब है। मंगलवार को आयोजित इस कार्यक्रम में उनके चिर-परिचित अंदाज ने वहां मौजूद हजारों लोगों का दिल जीत लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में स्थानीय जनता के साथ गहरा भावनात्मक जुड़ाव स्थापित करते हुए पहाड़ी बोली के शब्दों 'भुला-भुलियों', 'सयाणा', 'आमा' और 'बाबा' का प्रयोग कर भाषण की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने बहुत खूबसूरती से वेशभूषा और भाषा शैली के माध्यम से प्रदेशवासियों के साथ अपना श्लोकल कनेक्टश प्रदर्शित किया। उन्होंने एक्सप्रेस-वे के निर्माण में मां डाटकाली के आशीर्वाद का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि देहरादून पर मां की असीम कृपा है। इसके साथ ही उन्होंने उत्तराखंड की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश के क्षेत्र में स्थित संतला माता मंदिर का भी स्मरण किया। प्रधानमंत्री ने हरिद्वार कुंभ और नंदा राजजात से लेकर पंच बदरी, पंच केदार एवं पंच प्रयाग का गौरवशाली जिक्र कर आध्यात्मिक रूप से भी जनता को प्रभावित किया।समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बीच की मजबूत बॉन्डिंग भी स्पष्ट रूप से नजर आई। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को 'लोकप्रिय, कर्मठ और युवा मुख्यमंत्री' कहकर उनकी कार्यशैली की सराहना की। मंच पर जब केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जनसभा को संबोधित कर रहे थे, उस दौरान भी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के बीच किसी महत्वपूर्ण विषय पर गंभीर मंत्रणा होती दिखी। प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री की बातों को बेहद गौर से सुनते नजर आए, जो दोनों नेताओं के बीच बेहतर तालमेल और राज्य के विकास के प्रति उनकी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि उत्तराखंड की बेहतरी के लिए केंद्र और राज्य सरकार पूरी ऊर्जा के साथ जुटी हुई हैं।

# रोजगार और पर्यटन का ग्रीन कॉरिडोर बनेगा दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर

देहरादून। दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर के लोकार्पण के साथ ही उत्तराखंड के लिए रोजगार और पर्यटन का ग्रीन कॉरिडोर शुरू हो गया है। अब दिल्ली- देहरादून का सफर महज ढाई घंटे में पूरा हो जाएगा इसके साथ ही चारधाम यात्रा, कॉर्बेट एवं राजाजी नेशनल पार्क, मसूरी, टिहरी और उत्तराखंड के विभिन्न पर्यटक स्थलों पर आने वाले सैलानियों की बड़ी संख्या में तादात बढ़ने की उम्मीद है। यह कॉरिडोर केवल एक परिवहन परियोजना नहीं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला "ग्रीन कॉरिडोर" साबित होने जा रहा है। यह कॉरिडोर पहाड़ और मैदान के बीच दूरी को कम करते हुए किसानों, उद्यमियों और स्थानीय उत्पादकों को सीधे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा। अब हर्षिल के प्रसिद्ध सेब, जोशीमठ और चकराता की राजमा, पुरोला के लाल चावल, तथा रुद्रप्रयाग के बुरांश का जूस जैसे पारंपरिक और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद पहले की तुलना में कहीं अधिक तेजी से और कम लागत पर बड़े शहरों तक पहुँच सकेंगे। लॉजिस्टिक लागत में कमी आने से किसानों को उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य मिलेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और आर्थिक स्थिरता आएगी। राज्य में कोल्ड स्टोरेज, वेयरहाउसिंग, फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स और एग्री-लॉजिस्टिक्स जैसे सहायक उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा । इसके माध्यम से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। इस परियोजना से परिवहन क्षेत्र, कृषि आधारित उद्योग, छोटे और मध्यम उद्योगों को गति मिलेगी। इससे पलायन की समस्या को भी काफी हद तक कम करने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त, यह कॉरिडोर पर्यटन क्षेत्र के लिए भी बेहद फायदेमंद सिद्ध होगा। बेहतर कनेक्टिविटी के कारण देश-विदेश के पर्यटक आसानी से उत्तराखण्ड के दूरस्थ और प्राकृतिक स्थलों तक पहुँच सकेंगे, जिससे स्थानीय व्यापार, होटल उद्योग और हस्तशिल्प को भी नई ऊर्जा मिलेगी।

# सुनील खेड़ा उच्च न्यायालय में अपर महाधिवक्ता नियुक्त

रुद्रपुर । उत्तराखंड सरकार ने उत्तराखंड उच्च न्यायालय में अपर महाधिवक्ता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सुनील खेड़ा को सौंपी है। नवनियुक्त अपर महाधिवक्ता आज 15 अप्रैल को अपना नया कार्यभार ग्रहण करेंगे। इस नियुक्ति से पूर्व वह भारत सरकार



के वकील के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे थे। सुनील खेड़ा की इस उपलब्धि पर जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों और लोकतंत्र सेनानियों ने खुशी व्यक्त करते हुए इसका स्वागत किया है। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सुभाषचंद्र छाबड़ा ने कहा कि सुनील खेड़ा की नियुक्ति जिला बार एसोसिएशन के लिए बहुत बड़ा सम्मान है। उन्होंने कहा कि जिला बार से एक अत्यंत योग्य सदस्य को इस पद पर नियुक्त करना गौरव की बात है।सुभाषचंद्र छाबड़ा ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी नियुक्तियाँ कनिष्ठ वकीलों को भविष्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करती हैं। इस नियुक्ति से जिले के अधिवक्ता समाज में उत्साह का माहौल है। हर्ष व्यक्त करने और बधाई देने वालों में एडवोकेट कमल चिलाना, होमी कुरैशी, जुगल गोस्वामी, गौरव मिड्डा, अभिनव छाबड़ा, राजीव ग्रोवर, नरेशकुमार छाबड़ा, लक्ष्मी नारायण पटवा, बरीत सिंह समेत तमाम अधिवक्ता शामिल रहे।


# उत्तराखंड में डबल इंजन की सरकार ने पकड़ी विकास की रफ्तार

## दो लाख करोड़ की परियोजनाओं से संवर रहा प्रदेश,सड़क रेल और एयर कनेक्टिविटी में हुए ऐतिहासिक कार्य

देहरादून (उद संवाददाता)। केंद्र और राज्य सरकार के साझा प्रयासों से बीते चार वर्षों के दौरान उत्तराखंड में विकास की नई इबारत लिखी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में श्डबल इंजनश की अवधारणा धरातल पर पूरी मजबूती के साथ उतरी है। वर्तमान में प्रदेश के भीतर केंद्र सरकार के सहयोग से दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है, जो राज्य के भविष्य को नई दिशा दे रही हैं। प्रदेश में सड़क, रेल और हवाई कनेक्टिविटी को लेकर ऐतिहासिक सुधार हुए हैं। चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए ऑल वेदर रोड परियोजना का काम अंतिम चरणों में है, वहीं दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के शुरू होने से राजधानी के बीच की दूरी सिमट गई है। इसके साथ ही सितारगंज से टनकपुर, पोंटा साहिब -देहरादून, भानियावाला-ऋषिकेश और रुद्रपुर बाईपास जैसी महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं पर अलग-अलग चरणों में कार्य जारी है। रेल नेटवर्क की बात करें तो



ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना अपनी पूर्णता की ओर है और केंद्र ने 48 हजार करोड़ की टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन को भी मंजूरी दे दी है। साथ ही प्रदेश के 11 रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत योजना के तहत आधुनिक बनाया जा रहा है। बीते चार वर्षों में जॉलीग्रांट, पंतनगर और पिथौरागढ़ एयरपोर्ट का विस्तार किया गया है। उड़ान योजना के तहत 18 हेलीपोर्ट्स विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें से 12 पर सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। चंपावत, मुन्स्यारी और चिन्याली सौड़ जैसे सीमांत क्षेत्रों तक हवाई सेवा पहुंचने से पर्यटन को बल मिला है। पर्वतमाला परियोजना के माध्यम से प्रदेश में रोपवे का जाल बिछाया जा रहा है, जिसमें रानीबाग से नैनीताल और गौरीकुंड से केदारनाथ धाम जैसे महत्वपूर्ण मार्ग शामिल हैं। केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम का पुनर्विकास कार्य तेजी से चल रहा है, जबकि कुमाऊं में मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत प्राचीन मंदिरों को संवारा जा रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में किच्छा में एम्स सैटेलाइट सेंटर और ऋषिकेश एम्स में देश की पहली हेली एम्बुलेंस सेवा मील का पत्थर साबित हो रही है। जमरानी, सौंग और लखवाड़ बांध परियोजनाओं से पेयजल व सिंचाई व्यवस्था मजबूत होगी। औद्योगिक विकास के लिए ऊधम सिंह नगर में स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप और सीमांत गांवों के लिए वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत बुनियादी सुविधाओं का विस्तार कर सरकार आत्मनिर्भर उत्तराखंड के संकल्प को पूरा करने में जुटी है।



# पंतनगर में 46 लाख की लागत से स्थापित होगी बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा

## शुक्ला ने किया भूमि पूजन, पार्क के सौंदर्यीकरण का भी शुभारंभ

पंतनगर (उद संवाददाता)। संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर पंतनगर स्थित अंबेडकर पार्क में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अनुरूप, यहां 46 लाख रुपये की लागत से बाबा साहेब की अष्टधातु की आदमकद प्रतिमा स्थापना और पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य का पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विधिवत भूमि पूजन



किया। इस दौरान कुलसचिव डॉ. दीपा विनय और नगर पालिका अध्यक्ष सचिन शुक्ला भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। भूमि पूजन के अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के सम्मान और उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर 2024 को किच्छा की जनसभा में उनकी मांग पर मुख्यमंत्री ने इस परियोजना की घोषणा की थी। अब कार्यदायी संस्था कुमाऊं मंडल विकास निगम को 46 लाख रुपये की धनराशि हस्तांतरित कर दी गई है, जिससे इस महत्वपूर्ण कार्य का रास्ता साफ हो गया है। शुक्ला ने कहा कि बाबा साहेब सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं और उनकी यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को समानता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देगी। परियोजना के तहत अंबेडकर पार्क का स्वरूप पूरी तरह बदला जाएगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर समिति पंतनगर के अध्यक्ष रामाशीष और समिति के अन्य सदस्यों ने मुख्यमंत्री और पूर्व विधायक का आभार जताते हुए इसे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। इस अवसर पर अंबेडकर समिति के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष पिंकी डिमरी, ईश्वरपाल सिंह चौहान, त्रिलोकी मिश्रा, डॉ. अजय प्रभाकर, महेंद्र बाल्मीकि, सचिन शर्मा, हरि किशोर यादव, रवि कुमार, सागर वाल्मीकि, गौरव गंगवार, गौरव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अल्केश रघुवंशी, रजनीश गंगवार, सर्वेश राय, राजेंद्र भट्ट, अशोक गुप्ता, अनिल यादव, डीएन यादव, लक्ष्मी डिमरी, सौरव गंगवार, मनोज कुमार, राकेश शर्मा, पुरुषोत्तम चौहान, सौरव प्रताप सिंह, संत कुमार यादव, मोनू गुप्ता, राम अवतार वाल्मीकि, संदीप चौहान, विनोद कुमार, रजनीकांत, राम आशीष, आशीष ढंडा, भीम सिंह, हरेंद्र यादव, धर्म सिंह यादव, धर्मा उरांव, अंगद यादव, संदीप अरोरा, गोल्डी गोराया, मुकेश कोली, नितिन बाल्मीकि, मोहन पाण्डे, जगदीश कांडपाल, मीना शर्मा, संध्या झा समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।